दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 02 जनवरी -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 14 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## बांग्लादेश: एक और हिंदू को जिंदा जलाने की कोशिश, चाकुओं से गोदकर डाला पेट्रोल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। वहां एक बार फिर नफरत ने जान लेने की कोशिश की। शरीयतपुर इलाके में खोकन चंद्र नाम के एक हिंदू शख्स को भीड़ ने घेर लिया। पहले बेरहमी से उसे पीटा गया। फिर चाकू से वार किया गया। इसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश हुई। आखिरी पल में व्यापारी खोकन चंद्र ने पास के तालाब में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। लेकिन यह हमला एक बार फिर बताता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किस हद तक पहुंच चुका है।




जानकारी के मुताबिक, ये क्रूर हमला बुधवार (31 दिसंबर) को रात करीब 9:00 बजे कनेश्वर यूनियन के तिलोई इलाके में हुआ। खोकोन चंद्र दास (40), परेश चंद्र दास के बेटे हैं। वे दामुद्या के केउरभंगा बाजार में एक फामेर्सी के मालिक हैं। खोकन चंद्र दास ने बुधवार रात अपनी दुकान बंद की और घर की ओर चल पड़े। जब वे तिलोई क्षेत्र पहुंचे, तो बदमाशों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से वार किए और फिर उनके शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की लपटों से अपनी जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास पास के एक तालाब में कूद गए। बाद में, स्थानीय लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में बचाया और शरियतपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना से इलाके में व्यापक दहशत फैल गई है। हमले के पीछे का मकसद और इसमें शामिल लोगों की पहचान अभी तक पुष्ट नहीं हो पाई है।

**बीते दो हफ्ते में चौथी घटना :** इससे पहले बांग्लादेश में 18 दिसंबर 2025 को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने मार डाला था। फिर उसके शरीर को पेड़ से बांधकर जला दिया गया था।

## किसानों से लेकर गरीबों के लिए आवास का सपना होगा साकार

### सर्दी से गरीबों को बचाने की कवायद और सड़क सुरक्षा का भी ध्यान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नववर्ष के आगमन के साथ ही गाजियाबाद में प्रशासन ने कल्याणकारी वर्ष की शुरूआत की है। वर्ष 2026 के पहले महीने में ही जहां किसानों को उनकी जमीन के बदले विकसित भूखंड देने की योजना हैं। वहीं गरीब लोगों को आवास मिलेगा। मधुबन बापूधाम में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी और हरनंदीपुरम में जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण हो रहा है। उन किसानो के लिए भूखंड की तैयारी है।

मधुबन बापूधाम योजना के किसानों के लिए 6 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में किसानों को अलॉटमेंट लैटर दिये जायेंगे। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ईडब्लूएस मकानों के आवंटन और कब्जा प्रक्रिया की तैयारी हो चुकी है। जिनमें पांच योजनाएं मधुबन बापूधाम योजना, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर और मोदीनगर में 3496 ईडब्लूएस भवनों के सापेक्ष 2239 भवनों का आवंटन किया जा चुका है।

भूखण्ड और मकान के बाद प्रशासन उन लोगों की भी चिंता कर रहा है जो वाहनों पर सवार होकर निकलते हैं और सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं या घायल हो जाते हैं। सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ किया गया है। ये अभियान पूरे जनवरी माह चलेगा।

सड़क दुर्घनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदारी की भावना को विकसित किया जायेगा और इस बात का प्रयास होगा कि आम व्यक्ति खुद नियमों का पालन करें और दूसरों को नियमों का पालन करने की प्रेरणा दें। सड़क हादसे ना हों, ये एक प्राथमिकता है और भीषण सर्दी में शीत लहर से समाज के गरीब वर्ग को बचाने के लिए प्रशासन ने भी एडवाईजरी जारी की है। निगम द्वारा कईस्थानों पर अलाव जलाये जा रहे हैं और रैन बसेरों में इंतजाम किया गया है।

वहीं अब प्रशासन ने भी शीत लहर को देखते हुए एडवाईजरी जारी कर दी है। सभी लोगों को ऊनी कपड़े पहनने और शरीर को ढक कर रखने की सलाह दी गई है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों और अकेले रहने वालों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने अलर्ट कर दिया है कि बंद कमरे में कोयला या अंगीठी जलाना खतरनाक हो सकता है। वहीं पालतू जानवरों को भी ठंड के बचाने के निर्देश दिये गये हैं।

नए साल पर प्रशासन का ये संकल्प गाजियाबाद की आम जनता के लिए एक राहत का पैगाम लेकर आया है। शीत लहर से लोगों को बचाने के लिए जहां जमीनी स्तर पर तैयारी की गई है वहीं प्रशासन ने एडवाईजरी जारी की मीडिल क्लास वर्ग को भी समझाया है कि बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक हमें क्या करना है। सड़क हादसों में कमी हो और लोग सुरक्षित रहें, इसके लिए बाकायदा एक महीने तक अभियान चलेगा। बड़ी बात ये है कि यहां नियमों पर जोर नहीं अपितु जनता को नियमों का स्वतः पालन करने के लिए जागृत किया जायेगा।

!! द्वितीय पुण्य तिथि !!



स्व. चौ. मांगेराम (भट्टे वाले)
1920 -2024

हम आपको श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। हम आपको सदेव याद करते हैं और करते रहेंगे।
हम आपके बताये एवं दिखलायें मार्ग पर चलने का प्रयत्न करते हैं, करते रहेंगे।।

चौ. देवेन्द्र सिंह रावत, राम नरेश रावत (पूर्व विधायक), विजय रावत, सुधन रावत ,पुष्पेन्द्र रावत (पुत्रगण)
एवं आपका समस्त परिवार



# राष्ट्रपति-पीएम समेत राहुल गांधी और अखिलेश ने दीं नव वर्ष की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** देशभर में नववर्ष 2026 का स्वागत उल्लास और उम्मीदों के साथ किया जा रहा है। लोग एक दूसरे को बधाई देकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत देशभर के कई नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। सभी लोगों ने खुशहाली, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और प्रगति का संदेश दिया है।

**नव वर्ष 2026 पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश, पर्यावरण पर जोर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नव वर्ष के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, नया साल सकारात्मक बदलावों के साथ आत्मचिंतन और नए संकल्पों का भी अवसर है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी




प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

**पीएम मोदी ने दी नए साल 2026 की शुभकामनाएं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए साल 2026 की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला साल सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य, समृद्धि और सफलता लेकर आए। प्रधानमंत्री ने कामों में सफलता और जीवन में संतुष्टि की कामना करते हुए समाज में शांति और खुशहाली की प्रार्थना भी की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा 'आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। नया साल आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और सफलताएं लेकर आए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नववर्ष को लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण से जोड़ते हुए नागरिकों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि नया साल कमजोर वर्गों के अधिकारों काम का अधिकार, वोट का अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार की रक्षा के लिए जन आंदोलन बने। खरगे ने युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों की समृद्धि और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सम्मान दिलाने को साझा संकल्प बताया।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संदेश में मानवता, प्रेम और सामाजिक न्याय पर जोर दिया। उन्होंने नववर्ष को उन सभी ह्यपीडीए प्रहरीह्न को समर्पित किया, जो लोकतंत्र और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने समानता, सम्मान और सौहार्द को मजबूत करने के संकल्प के साथ नए साल की शुभकामनाएं दीं।

वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने तमिल और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में नए साल का संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोग एकजुट होकर बड़ी सफलता की ओर बढ़ रहे हैं और आने वाला साल सामूहिक प्रगति का वर्ष होगा।

## नव वर्ष पर गाजियाबाद में 'ट्रैफिक मित्र' योजना का शुभारम्भ, 500 स्वयंसेवक जोड़ने का लक्ष्य






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नव वर्ष 2026 के अवसर पर यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित और जन-सहभागिता आधारित बनाने के उद्देश्य से 'ट्रैफिक मित्र' योजना का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में आयोजित हुआ। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था/यातायात) द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत चयनित 18 ट्रैफिक मित्रों को परिचय पत्र प्रदान किए गए। अब तक 280 ट्रैफिक मित्रों का चयन हो चुका है, जबकि शेष चयनित स्वयंसेवकों को शीघ्र परिचय पत्र दिए जाएंगे। यातायात पुलिस का लक्ष्य जनपद में कुल 500 ट्रैफिक मित्र तैयार करने का है। योजना का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, स्कूलों, बाजारों और चौराहों पर यातायात पुलिस को सहयोग देना तथा पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

ट्रैफिक मित्रों की भूमिका में जाम की स्थिति में पुलिस को सहयोग, स्कूल-कार्यालय समय में ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों में भागीदारी और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सूचना देना शामिल है। योजना के तहत स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण व पहचान के साथ समाज सेवा का अवसर भी मिलेगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था/यातायात), पुलिस उपायुक्त (यातायात), सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) एवं यातायात निरीक्षक उपस्थित रहे। यातायात पुलिस ने नागरिकों से इस अभियान से जुड़कर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग की अपील की है।

## सफदर हाशमी और राम बहादुर के शहादत दिवस पर नुक्कड़ नाटक का हुआ मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** झंडापुर गांव स्थित आंबेडकर पार्क में गुरुवार को सीटू ने कामरेड सफदर हाशमी और राम बहादुर का 37वां शहादत दिवस मनाया। शुरूआत रतन गंभीर के क्रांतिकारी गीतों से हुई। इसके बाद जन नाट्य मंच ने कच्ची छत और बुलडोजर राज का मंचन किया। कार्यक्रम की शुरूआत किसान कार्यकर्त्ता कॉमरेड रतन गंभीर के क्रांतिकारी गीतों से हुई, इसके बाद बरगद का नाटक कच्ची छतग्न और जन नाट्य मंच का नाटक ग्नफिलिस्तीन के लिए का मंचन हुआ।

कार्यक्रम राजवीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं सीपीआई (एम) नेता वृंदा करात ने सफदर हाशमी और राम बहादुर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज मंदिर और मस्जिद के नाम पर हमें बांटा जा रहा है, जिसके खिलाफ एकजुट होना चाहिए। मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व लोकसभा सदस्य एवं सी पी आई (एम) के पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड मोहम्मद सलीम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्ति दिलाने की लड़ाई में संघर्ष करते हुए कॉमरेड सफदर हाश्मी व राम बहादुर ने जो कुबार्नी दी है उसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर आशा शर्मा राजीव कुंवर, ईश्वर त्यागी, माला हाश्मी, अमन सैनी कोमिता, बृजेश, अशोक तिवारी, सुधनवा देशपाण्डेय, प्रियंका, नीरु सिंह सेंगर, देवेंद्र शर्मा, त्रिफूल सिंह, अबरार अहमद, रुकसाना बेगम, भावना त्यागी, रेनू झा, श्रीकृष्ण सिंह, के के तोमर, कन्हैया मिश्रा, विजय सिंह, अनिल कुमार, रविंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## गुवाहाटी-कोलकाता रूट पर उतरेगी पहली वंदे भारत स्लीपर

**नई दिल्ली।** देश को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की बड़ी सौगात मिल गई है। नए साल के अवसर पर रेल मंत्री ने इस हाईटेक ट्रेन के रूट की आधिकारिक घोषणा की। रेल मंत्री ने बताया कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलेगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के शुरू होने से पूर्वोत्तर राज्यों, खासकर असम और पश्चिम बंगाल को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा और लंबी दूरी की यात्रा ज्यादा आसान और आरामदायक बन सकेगी। चुनावी नजरिए से देखें तो यह ट्रेन पश्चिम बंगाल और असम के लिए भी एक अहम सौगात मानी जा रही है।



इस ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम 17 या 18 जनवरी को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। रेलवे की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जैसे ही ट्रेन की लॉन्चिंग तारीख तय होगी, टिकट बुकिंग भी शुरू कर दी जाएगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी। इसमें यात्रियों के आराम और सुविधा का खास ध्यान रखा गया है। आम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में थर्ड एसी कोचों की संख्या ज्यादा रखी गई है, ताकि अधिक लोग किफायती किराए में सफर कर सकें।

**इस ट्रेन में परोसे जाएंगे असम और बंगाल के व्यंजन :** रेल मंत्री ने बताया कि स्वदेशी तकनीक से तैयार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने हाल ही में अपना अंतिम हाई-स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह परीक्षण कोटाझ्नागदा सेक्शन पर किया गया, जहां ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की। यह हाई-स्पीड ट्रायल रेलवे सुरक्षा आयुक्त की निगरानी में किया गया था। ट्रायल की सफलता के बाद अब इस ट्रेन के व्यावसायिक संचालन का रास्ता साफ हो गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों के लिए क्षेत्रीय मेहमाननवाजी का भी खास इंतजाम किया जाएगा। गुवाहाटी से रवाना होने वाली ट्रेनों में असम के पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे, ताकि यात्रियों को स्थानीय स्वाद का अनुभव मिल सके। वहीं, कोलकाता से चलने वाली ट्रेनों में बंगाली खानपान उपलब्ध कराया जाएगा। रेलवे का मानना है कि इससे सफर सिर्फ आरामदायक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अनुभव से भरपूर भी होगा और यात्रियों को रास्ते में ही अलग-अलग राज्यों की झलक मिलेगी।

**16 कोच की होगी ट्रेन, 823 यात्री कर सकेंगे सफर :** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 16 कोच की होगी। इसमें अलग-अलग श्रेणियों के कोच शामिल किए गए हैं। इस ट्रेन में 11 थर्ड एसी, चार सेकंड एसी और एक फर्स्ट एसी कोच होंगे। कुल मिलाकर ट्रेन में 823 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन की स्पीड 180 किमी प्रति घंटा है। इसमें यात्रियों के लिए इसमें आरामदायक और मुलायम बर्थ होगी। दो कोचों के बीच ऑटोमेटिक दरवाजे और वेस्टीब्यूल, बेहतर सस्पेंशन और कम शोर की सुविधा दी गई है। जिससे सफर ज्यादा आरामदायक होगा।

**यह होगा दोनों शहर के बीच किराया :** गुवाहाटीझ्कोलकाता वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के लिए संभावित किराया भी सामने आ गया है। थर्ड एसी का किराया करीब 2,300 रुपये, सेकंड एसी का 3,000 रुपये और फर्स्ट एसी का किराया लगभग 3,600 रुपये रखा जा सकता है।

## सिगरेट और तंबाकू के उत्पादों पर बढ़ा टैक्स




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में तंबाकू नियंत्रण और राजस्व ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। यह नई कर व्यवस्था 1 फरवरी, 2026 से प्रभावी होगी, जो धूम्रपान करने वालों की जेब पर सीधा असर डालेगी।

**राज्यों के साथ साझा होगा राजस्वः वित्त मंत्री**

**उत्पाद की लंबाई के आधार पर तय हुआ शुल्क :** सरकार ने सिगरेट की लंबाई और उसके प्रकार को आधार बनाकर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क निर्धारित किया है। नए नियमों के तहत, प्रति 1,000 सिगरेट पर अतिरिक्त शुल्क की सीमा 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक तय की गई है। यह वर्गीकरण प्रीमियम और साधारण सिगरेट के बीच कर के अंतर को स्पष्ट करता है।

### 40% जीएसटी के ऊपर लगेगा अतिरिक्त टैक्स

महत्वपूर्ण बात यह है कि यह नया उत्पाद शुल्क कोई स्वतंत्र टैक्स नहीं है, बल्कि यह तंबाकू उत्पादों पर पहले से लागू 40 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर के अतिरिक्त देय होगा। हाल ही में संसद द्वारा पारित 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025' के माध्यम से इस बदलाव को कानूनी रूप दिया गया है। इस विधेयक का प्राथमिक उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की समय सीमा समाप्त होने के बाद पैदा होने वाली राजस्व की कमी को पूरा करना और शुल्क ढांचे को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

संसद में इस विषय पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ किया कि इस माध्यम से एकत्र किया गया राजस्व 'विभाजित किए जाने वाले कोष' का हिस्सा बनेगा। उन्होंने कहा, उत्पाद शुल्क कोई उपकर नहीं है। एकत्रित राजस्व को 41 प्रतिशत की निर्धारित दर से राज्यों के साथ साझा किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने आगे तर्क दिया कि जीएसटी से पहले भी तंबाकू उत्पादों पर वार्षिक आधार पर कर बढ़ाए जाते थे।

## नव वर्ष पर तृणमूल कांग्रेस का स्थापना दिवस ममता बोलीं- बुरी ताकतों के आगे नहीं झुकेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल जनता के लिए संघर्ष करता रहेगा और किसी भी 'बुरी ताकतों' के सामने समर्पण नहीं करेगा।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। तृणमूल कांग्रेस का सफर आज ही के दिन 1998 में मातृभूमि और लोगों की सेवा के मकसद से शुरू हुआ था। इस ऐतिहासिक सफर की मुख्य बातें मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हैं। आज भी



हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के लिए अडिग और प्रतिबद्ध है। मैं उनके लगातार प्रयासों और बलिदानों का विनम्रतापूर्वक सम्मान करता हूं और उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

उन्होंने आगे लिखा, तृणमूल कांग्रेस परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, स्नेह और प्रार्थनाओं से भरा हुआ है। आपके अटूट समर्थन से, हम महान लोकतांत्रिक देश के हर व्यक्ति की लड़ाई में अडिग हैं। हम किसी भी बुरी ताकत के सामने नहीं झुकेंगे और आम लोगों के लिए हमारा संघर्ष आजीवन जारी रहेगा।

**क्या बोले टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव? :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि दल की असली शक्ति उसके जमीनी कार्यकताओं के अनुशासन और विश्वास में निहित है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा तृणमूल कांग्रेस स्थापना दिवस पर, मैं अपने लगातार बढ़ते परिवार के हर सदस्य के प्रति कृतज्ञता से सिर झुकाता हूं।

## राधामय हुआ बरसाना...नए साल की पहली सुबह दिखा गजब का उत्साह

### बारिश भी न रोक सकी भक्तों के कदम

**मथुरा।** बरसाना में नववर्ष की पहली भोर आस्था का उत्सव बनकर आई। राधा रानी के भक्त सुबह से ही मंदिर की ओर बढ़ते नजर आए, जहां मधुर भजनों की धुन पर कदम थिरकते रहे। मंजीरों की झंकार, ढोलक की थाप और राधा नाम की गूंज से पूरा कस्बा भक्तिरस में डूबा रहा।

दिन चढ़ने के साथ आस्था का यह प्रवाह और गहराता चला गया। दोपहर करीब 12 बजे अचानक आसमान का मिजाज बदला और इंद्र देव ने मेघमालाएं खोल दीं। हल्की बारिश की फुहारों ने मानो जैसे भक्तों पर आशीष बरसाया। भींगे वस्त्र और ठंडी हवा के बीच भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। गलियों से लेकर मंदिर मार्ग तक नाचते-गाते बढ़ते भक्तों का रेला उमड़ पड़ा।



मंदिर पहुंचकर भी भजनों का प्रवाह थमा नहीं। दर्शन की प्रतीक्षा में खड़े भक्त ताल और स्वर में राधा रानी की महिमा गाते रहे। बारिश थमने के बाद भी भक्ति की गर्माहट बनी रही। बरसाना ने फिर यह जता दिया कि यहां नववर्ष का स्वागत शोर से नहीं, बल्कि राधा नाम, भजन और मेघों के आशीष से होता है।

## गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड पर भीषण हादसा, टैंकर से टकराई कार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार सुबह करीब 11 बजे गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रोटरी गोलचक्कर के पास नगर निगम का पानी का टैंकर खड़ा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक कार उससे टकरा गई। टक्कर का असर इतना जबरदस्त था कि कार मौके पर ही कई बार पलटते हुए बेकाबू हो गई और सड़क पर उल्टी पड़ी रही ।हादसे में कार सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि टैंकर सड़क किनारे खड़ा था, लेकिन शायद सही जगह पर नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली और क्रेन की मदद से पलटी कार को हटवाया। मामले की जांच की जा रही है। इस हादसे से एलिवेटेड रोड पर कुछ देर तक जाम की स्थिति बनी रही।

## नववर्ष पर दिल्ली में उत्साह: करीब 25 हजार लोग पहुंचे चिड़ियाघर

### इंडिया गेट से कनॉट प्लेस तक भारी भीड़

**नई दिल्ली।** नववर्ष के पहले दिन दिल्ली में लोगों का उत्साह सड़कों पर साफ नजर आ रहा है। राजधानी के अलग अलग इलाकों में भारी भीड़ उमड़ने से ट्रैफिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। दिल्ली चिड़ियाघर में सुबह से ही पर्यटकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां इस समय 20 से 25 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान है। कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी हुई है। पूजा अर्चना के लिए पहुंचे लोगों के कारण आसपास की सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है।

इंडिया गेट पर भी नववर्ष का जश्न मनाने पहुंचे लोगों की संख्या काफी अधिक है। परिवार और दोस्तों के साथ लोग फोटो खिंचवाते और समय बिताते नजर आ रहे हैं, जिससे सुरक्षा और



यातायात व्यवस्था को संभालने में पुलिस को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है। नववर्ष के जश्न को लेकर लोग घरों से बाहर निकलकर घूमने और पार्टी के मूड में हैं। इसी वजह से दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में भारी भीड़ और जाम की स्थिति बनी हुई है।

## नव वर्ष पर वैशाली सेक्टर 2 में भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** - वैशाली सेक्टर 2 में नव वर्ष के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रोहित शर्मा, कपिल चौधरी, अर्पित जैन, गोलू जैन, रतन वीर चौधरी, सोनू कुमार आदि लोग मौजूद रहे य।

भंडारे का आयोजन वैशाली सेक्टर 2 में किया गया था, जहां लोगों ने नव वर्ष की शुरूआत भगवान की पूजा और भोजन के साथ की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और सुख-समृद्धि की कामना की।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# समरकूल मैन संजीव गुप्ता ने जब रिश्तों की मिठास बढ़ाई
## जन्मदिन पर मयंक गोयल के हाथ से संजीव शर्मा को मिठाई खिलवाई





**- संजीव गुप्ता उद्योगपति हैं, नेता हैं और समाजसेवी भी हैं। हमेशा दिल बड़ा करके चलते हैं और रिश्तों में मिठास रखते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल चेयरमेन संजीव गुप्ता को ऐसे ही नाईसमैन नहीं कहा जाता है। उनका अंदाज भी कूल है और उनकी सियासी आस्था भी फूल है।

संजीव गुप्ता की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है जो हमेशा बड़ा दिल करके राजनीति करते हैं। वो भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष भी हैं और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। संजीव गुप्ता उद्योगपति हैं, नेता हैं और समाजसेवी भी हैं। हमेशा दिल बड़ा करके चलते हैं और रिश्तों में मिठास रखते हैं। अपने जन्मदिन पर एक बार फिर उन्होंने इस बात का परिचय दिया और यहां पर तारीफ करनी होगी भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और शहर विधायक संजीव शर्मा की भी। दोनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और एक संदेश दिया कि दल से बड़ा कुछ नहीं होता और राजनीति में हम सब एक शिष्टाचार से बंधे हैं। एक जनवरी को मौका था, नववर्ष के जश्न का और समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के जन्मदिन का भी।

संजीव गुप्ता के जन्मदिन पर हर वर्ष बधाई समारोह होता है। इस बार नजारा तब खास हो गया जब उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने के लिए भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। दोनों अलग अलग गये थे लेकिन जैसे ही संजीव गुप्ता की नजर इन दोनों पर पड़ी तो वो मौजूदा माहौल से पूरी तरह अपडेट नजर आये। उन्होंने भी जन्मदिन के मौके पर नववर्ष के सीन को नवहर्ष में तब्दील किया।

संजीव गुप्ता ने शहर विधायक संजीव शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को पास बुलाया। इसके बाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने शहर विधायक संजीव शर्मा को मिठाई खिलाई। एक संदेश जो मौजूदा समय की जरूरत थी वो संदेश समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान से निकला।


इसके साथ ही एक अच्छी बात इस जन्मदिन समारोह से निकली। एक बड़े दिल वाले व्यक्तित्व के रूप में संजीव गुप्ता ने एक अच्छी पहल की। जिस बात को लेकर कुछ अलग-अलग संदेश जा रहे थे। उस बात का उन्होंने एक बेहतर तरीके से पटाक्षेप किया। यहां पर तारीफ महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और विधायक संजीव शर्मा की भी करनी होगी। इन दोनों ने भी आगे बढ़कर इस स्नेह को सम्मान दिया। एक ने मिठाई खिलाई और दूसरे ने खाई और फिर भाजपा एक परिवार है, हम सब एक हैं का मैसेज संजीव गुप्ता के यहां से निकला और बाहर फैल गया।

### विनम्रता-सहजता के साथ कर दिया व्यवहार कुशलता का संदेश

**करंट क्राइम।** संजीव गुप्ता एक ऐसे उद्योगपति हैं जिन्होंने गाजियाबाद को देश के दूसरे शहरों में और दूसरे राज्यों में पहचान दी है। समरकूल का नाम मुंबई के ग्लैमर वर्ल्ड से लेकर प्रयागराज के उद्योग जगत में स्थापित है। सफलता की ऊंचाईयां छूने के बाद भी संजीव गुप्ता ने अपनी छवि का निर्माण एक विनम्र व्यक्तित्व के रूप में किया है। वो बेहद सहज हैं, सरल हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि हमेशा अपनों के लिए उपलब्ध हैं। ये एक वजह है कि जब उनका जन्मदिन आता है तो समरकूल प्रतिष्ठान पर अपने आप ही एक उत्सव का माहौल बन जाता है। राजनीति में एक बड़ा दिल कैसे रखा जाता है ये कोई उनसे सीख सकता है। अपने शहर के लिए एक बड़े व्यक्ति में क्या भावनांए होती हैं ये संजीव गुप्ता के व्यवहार में परिलक्षित होती हैं। ये व्यवहार ही है जिसके कारण जन्मदिन पर बधाई का माहौल बनता है। ये व्यवहार ही है कि राजनीति से जुड़े सभी दलों के लोग उन्हें बधाई देने पहुंचते हैं। ये एक व्यवहार है जब व्यापार जगत के, व्यापार मंडल के सभी लोग शुभकामनांए देने के लिए पहुंचते हैं। विनम्र व्यवहार के साथ उद्योग जगत में अपनी पहचान बनाई है। सहजता और सरलता के साथ राजनीति में खुद को स्थापित किया है। एक उद्योगपति हैं लेकिन जब वो राजनीति की बात करते हैं तो खुद को एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में रखते हैं। पार्टी प्रोटोकॉल से कभी भी दायें बायें नहीं जाते हैं। राजनीति से जुड़े हैं मगर कभी भी किसी की भी आलोचना के लिए कोई शब्द उनकी जुबान पर नहीं आते हैं। एक ऐसा मौका जब कोई साधन सम्पन्न व्यक्ति सेलीब्रेट करने के लिए बड़े आराम से कहीं आउटडोर डेस्टीनेशन पर जा सकता है लेकिन संजीव गुप्ता एक ऐसे व्यक्तित्व के मालिक हैं जिनके लिए उनका शहर, उनके शहर के लोग और उनका परिवेश प्रथम प्राथमिकता है। वो अपने जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं अपनों के बीच रहकर अपनत्व के भाव से लेते हैं। यही वजह है कि बधाई चाहे नए साल की हो या बधाई जन्मदिन की हो, लेकिन जन्मदिन का जन्मदिन समरोह का स्थल वो अपने शहर और अपने व्यापारिक स्थान पर रखते हैं।

# वोटों की रेस के टाइम पर क्यों चला ये होर्डिंग पर फोटो का क्रेज

## किसने कह दिया मैं नहीं लगाऊंगा अपने होर्डिंग पर उस जनप्रतिनिधि का फेस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ में इन दिनों सर्दी के मौसम में गर्मी वाली फील आ रही है। सबसे बड़ी विधानसभा में एसआईआर अभियान पिछड़ गया। लखनऊ वाली बैठक में मुख्यमंत्री की जुबान पर चार बार साहिबाबाद का नाम आ गया। डाटा बता रहा है कि एसआईआर वाले अभियान में घाटा ठीक-ठाक हो गया है।

अब उम्मीदें फार्म 6 से लगी हैं। लेकिन इस सबके बीच जब वेलकम वाला प्रोग्राम आया तो एक बार फिर सर्दी के मौसम में गुटबंदी की गर्मी का सीजन दिखाई दे गया। प्रदेश वाले चौधरी साहब ताजपोशी के बाद भगवागढ़ की सड़क से गुजरेंगे। इस दस्तक पर ही हजारों मस्तक तैयार हो गये।

जिंदाबाद का नारा गूंजने लगा और बैठकों का दौर शुरू हो गया। स्वागत के बिंदू तय होने लगे और पार्षदों को टारगेट दिया जाने लगा कि इतने होर्डिंग लगाने हैं और इतने लोग साथ लाने हैं। सब जुट गये कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में कोई कमी नहीं रह जानी चाहिए। लेकिन यहां पर किसी की तो टीआरपी का जलवा होता है मगर यहां तो उनसे दूरी का मुलाहिजा नजर आया। होर्डिंग तैयार हो रहे थे और बताते हैं कि वार्ड वाले जनप्रतिनिधि ने अपने होर्डिंग पर एक जनप्रतिनिधि का फोटो लगाने से ही इंकार कर दिया। अब वार्ड वालों के दिल में अपने ही दल के इस जनप्रतिनिधि को लेकर मामला इतना हार्ड क्या हैं। ये तो वो बेहतर बता सकते हैं। लेकिन होर्डिंग वाला बता रहा है कि वार्ड वालों का फोन आया और उन्होंने साफ कहा कि मुझे और किसी से कोई मतलब नहीं है लेकिन इन जनप्रतिनिधि का फोटो मेरे होर्डिंग पर नहीं लगेगा। बताते हैं कि होर्डिंग वाले ने ये मैसेज आगे फारवर्ड कर दिया।

कहानी का ट्विस्ट यही है कि जिन्हें मैसेज फारवर्ड किया गया था उन्होंने ही वार्ड वालों के आदेश को ओके कर दिया। यहां पर वो बात को इतना ही कहकर घुमा गये कि देखो जो खर्चो कर रहा है उसी के हिसाब से होर्डिंग का पर्चा भी बनेगा। फिर ये भी बता दिया कि संगठन और बाकी प्रोटोकॉल तो पूरे हो रहे हैं। अब अगर वो उन जनप्रतिनिधि का फोटो अपने साथ नहीं देखना चाहता तो इसमें क्या कर सकते हैं। वैसे भी जो आदेश हाईकमान से आया है उसमें उन वाले जनप्रतिनिधि का फोटो कोई अनिवार्य नहीं बताया है। अब यहां पर चर्चा यही हो रही है कि देखो एक जनप्रतिनिधि ने कितने समय में कितना नाम कमाया है कि मौहल्ले वाले का फोन भी उनका फोटो हटवाने के लिए विशेष रूप से आया है।

## सिद्धबलि से लेकर ताड़केश्वर के चरणों में बैठकर मांगेंगे पार्षद कौन-सी मन्नत

# कुछ मांगेंगे हाउस टैक्स में रियायत और कुछ मांगेंगे शहर में विकास की जन्नत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टूर तो फिक्स हो गया और अब टूर की तैयारियां भी पूरी हो गईं। इस पार से लेकर उस पार तक के भगवा पार्षद पूरी तरह से यलगार हो, वाले अंदाज में टूर के लिए तैयार हैं। आयोजक बता रहे हैं कि हम तो पूजा करेंगे और इस वाले मंदिर से लेकर उस वाले मंदिर तक माथा टेकेंगे।

भोजन से लेकर संयोजन तक पूरी तैयारी तय हो गई है। टूर से पहले किस्सा पार्षदों के बीच चला और ये सवाल हुआ कि इतनी दूर जा तो रहे हो तो ऐसे में जब सिद्धबलि के मंदिर में माथा टेकोगे तो क्या मांगोंगे। जब ताडकेश्वर मंदिर में पूजा करोगे तो क्या मांगोंगे। टूर ले जाने वाले कह रहे हैं कि अजी हम तो धार्मिक टूर पर जा रहे हैं और इसका भला किसी राजनीति से क्या लेना-देना। जब करंट क्राइम ने टूर को लेकर पार्षदों को टटोला तो यहां पर बात वही निकल कर आ गई जो बात पूर्व मेयर मौजूदा निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को समझा रहे थे। उन्होंने कहा था कि जब वहां एक साथ बैठों तो हाउस टैक्स की बात जरूर करना।



पार्षदों ने भी बता दिया है कि सारी चीजें सब एकसाथ नहीं मांगेंगे। जब एक पार्षद ने कहा कि हम तो सिद्धबलि मंदिर जाकर अपने शहर का विकास मांगेंगे। तब ये सवाल उठा कि 100 में से 75पार्षद तुम्हारे, मेयर तुम्हारी, यूपी में सरकार में तुम्हारी, केन्द्र में सरकार तुम्हारी। उसके बाद ये नौबत आ गई कि उत्तराखंड राज्य में जाकर गाजियाबाद के पार्षदों को विकास के लिए मन्नत मांगनी पड़ रही है। क्या ये सब लोक विकास करा नहीं पाये जो विकास की फाईल उत्तराखंड के मंदिर में चढ़ाई जा रही है। तब एक पार्षद ने बात को संभाला और कहा कि ऐसा है कि ये तय हुआ है कि अलग-अलग दरों पर अलग-अलग मन्नत मांगी जायेगी।

किसी दर पर हम गृहकर की मन्नत मांगेंगे। तो किसी दर पर हम विकास के लिए प्रार्थना करेंगे और अलग-अलग दरों पर अलग-अलग प्रार्थनाएं होंगी। विकास भी मांगा जायेगा और हाउस टैक्स से जनता का उद्धार भी मांगा जायेगा। इन सब बातों के बीच एक वार्ड वाले ने ऑफ द रिकार्ड ये भी कह दिया कि हम तो वहां बुद्धि शुद्धि की भी प्रार्थना करेंगे। किसके लिए करेंगे इस बात को वो गोल-मोल कर गये। फिलहाल टूर को लेकर पूरा मूड पार्षदों का बना हुआ है।

# नववर्ष 2026: संकल्प से सिद्धि की नई यात्रा : बालेश्वर त्यागी

**JANUARY 2026**

| SUNDAY | MONDAY | TUESDAY | WEDNESDAY | THURSDAY | FRIDAY | SATURDAY |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |



### लेख के प्रमुख अंश

**परिस्थितियों का प्रबंधन: हम समुद्र में आए तूफान को तो नहीं रोक सकते, लेकिन अपनी नाव की दिशा बदलकर सुरक्षित रास्ता निकाल सकते हैं।**

**समीक्षा और सुधार: नया वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि पिछली भूलों और कुंठाओं से मुक्त होकर अपनी क्षमताओं के सही मूल्यांकन और लक्ष्यों के पुनर्निर्धारण का एक सुनहरा अवसर है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नव वर्ष ईस्वी संवत 2026 प्रथम दिवस पर आपका स्वागत है। यह आपके लिए सुख, समृद्धि, यश और ऐश्वर्य में अभिवृद्धि करने वाला हो। नया दिन हो या नया वर्ष अगर हम अपनी पिछली भूलों, असफलताओं और कुंठाओं के दुष्प्रभाव से मुक्त होकर आगे बढ़ते हैं तो निश्चय ही उत्साहजनक परिणाम मिलते हैं।

नए समय की चुनौतियां भी बड़ी हैं। प्रकृति की उथल-पुथल, विश्व के अनेक स्थानों पर तनाव और संघर्ष और आर्थिक चुनौतियां हमारी व्यक्तिगत क्षमताओं से बाहर हैं लेकिन इन सभी के बीच में से ही रास्ता निकालकर आगे बढ़ना ही एकमात्र विकल्प है। जिसका हम कोई निराकरण नहीं कर सकते उसके साथ ही आगे बढ़ना ही एकमात्र विकल्प है। हम समुद्र में आए तूफान को तो नहीं रोक सकते लेकिन तूफान की दिशा और दशा को देखते हुए हम अपनी नाव की दिशा तो बदल सकते हैं।

नए वर्ष की नई चुनौतियों को समझकर अपनी क्षमताओं का सही मूल्यांकन कर आगामी लक्ष्यों का निर्धारण और उसके लिए किए गए सतत प्रयास हमें सफलता के द्वार के आसपास तक ला ही देते हैं। नया वर्ष हमारी अपनी यात्रा की समीक्षा का पुनः एक अवसर है। अपने लक्ष्यों को पुनः निर्धारण का भी अवसर है। अपने प्रयासों को भी पुनः परीक्षण का भी अवसर है। मनुष्य केवल हाड़ मांस का पुतला मात्र नहीं है। उसमें मानवीय संवेदनाएं हैं। सुख दुख की अनुभूति है। प्रतिदिन के जीवन में आने वाली कठिनाइयों विचलित करती हैं। प्रसन्नता के अवसर भी आते हैं। उनके साथ जीना ही जीवन है।

इन सबके बीच मन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मन को सब स्थितियों के लिए तैयार किया जा सकता है। उसका अभ्यास एक सार्थक जीवन जीने का माध्यम बनता है।



## संपादकीय

# बांग्लादेश में कानून विफल

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा जारी है। कानून-व्यवस्था, अंतरिम सरकार की नाकामी और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले दो सप्ताह में वहां तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। इससे हिंदू समुदाय के भीतर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ये हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब बांग्लादेश में आए दिन विरोध प्रदर्शनों से अराजक स्थिति पैदा हो रही है। सवाल है कि ऐसे हमले अचानक हो रहे हैं या फिर किसी गहरी साजिश के तहत इस तरह की हिंसा का जाल बुना जा रहा है! ऐसे में वहां की अंतरिम सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

हालांकि, सरकार का दावा है कि इन घटनाओं को सांप्रदायिकता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि इनके पीछे व्यक्तिगत कारण हो सकते हैं। अगर यह सही है, तो फिर क्या वजह है कि अल्पसंख्यकों को ही लक्षित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है? कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जाहिर है कि जिस तरह की अराजक स्थिति पैदा हो रही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन ही जवाबदेह हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ था। अंतरिम सरकार बनने के बाद वहां माहौल थोड़ा शांत और स्थिर हुआ था, लेकिन हाल के दिनों में हिंसा फिर से जोर पकड़ने लगी है। खासकर अब हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दो सप्ताह के भीतर तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। पहले भालुका इलाके में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला और फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया। इसके कुछ दिन बाद मैमनसिंह जिले में एक हिंदू नागरिक की हत्या कर दी गई। हाल ही में कपड़े के कारखाने में एक हिंदू कर्मी को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में स्थानीय पुलिस का दावा है कि आरोपी ने मजाक में हिंदू व्यक्ति की तरफ बंदूक तानी थी और इस दौरान अचानक गोली चल गई। जबकि घटना के चश्मदीद का कहना है कि आरोपी ने जान-बूझकर गोली चलाई। बयानों के इस विरोधाभास से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा और उनके अधिकार सुरक्षित नहीं हैं। अत्याचार, प्रताड़ना, जबरन धर्मांतरण और हिंसा की वजह से वहां हिंदुओं की आबादी लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद से हिंदू समुदाय के लोगों पर लक्षित हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। वहां जिस उद्देश्य से अंतरिम सरकार का गठन किया गया था, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की विफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि न तो विरोध प्रदर्शन थम रहे हैं और न ही हिंसक गतिविधियों पर अंकुश लग पाया है। इसका असर भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ा है।

# 2026 के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार सपाट तंबाकू टैक्स से आईटीसी में बिकवाली



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र की शुरूआत काफी हद तक सपाट नोट पर की। शुरूआती उत्साह के बावजूद, तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) की सरकारी अधिसूचना के चलते आईटीसी सहित सिगरेट निमार्ताओं के शेयरों में हुई भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी ने बाजार की बढ़त पर लगाम लगा दी।

### बाजार का हाल : मामूली उतार-चढ़ाव के बीच बंद हुए सूचकांक

गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 32 अंक या 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 85,188.60 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स में 350 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया, जहां इसने 85,451.70 का उच्च स्तर और 85,101.52 का निचला स्तर छुआ। वहीं, दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला निफ्टी 16.95 अंक या 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,146.55 के स्तर पर स्थिर हुआ। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि वैश्विक बाजारों के बंद होने और घरेलू नीतिगत बदलावों के कारण बाजार में स्पष्ट दिशा का अभाव दिखा।

बाजार में सबसे बड़ी हलचल तंबाकू और सिगरेट क्षेत्र में देखने को मिली। केंद्र सरकार द्वारा 1 फरवरी 2026 से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर 'हेल्थ सेस' लगाने की अधिसूचना जारी करने के बाद निवेशकों ने इन शेयरों से दूरी बना ली। सेंसेक्स के 30 शेयरों में क्ळ्ठ सबसे अधिक 9.69 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया के शेयरों में 17.09 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक भी दबाव में रहे।

### चढ़ने वाले शेयर और संस्थागत निवेश

गिरावट के माहौल के बीच बिजली और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों ने बाजार को सहारा दिया। एनटीपीसी (एनटीपीसी), इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और पावर ग्रिड प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल रहे। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (ऋक्र) ने बुधवार को 3,597.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार को संभालते हुए 6,759.64 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

### वैश्विक संकेत और पिछला प्रदर्शन

नववर्ष के अवकाश के कारण गुरुवार को अधिकांश एशियाई और यूरोपीय बाजार बंद रहे। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई थी, जिसका असर शुरूआती सत्र में भारतीय बाजार पर भी दिखा। उल्लेखनीय है कि पिछला साल (2025) भारतीय शेयर बाजार के लिए शानदार रहा था। पूरे 2025 में सेंसेक्स ने 7,081.59 अंक (9%) और निफ्टी ने 2,484.8 अंक (10.50%) की प्रभावशाली बढ़त दर्ज की थी। बुधवार को भी बाजार ने करीब 0.7 प्रतिशत की तेजी दिखाई थी, लेकिन साल के पहले दिन तंबाकू क्षेत्र पर नई टैक्स व्यवस्था की घोषणा ने सेंटीमेंट को प्रभावित किया है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अब निवेशकों की नजरें आगामी बजट और तीसरी तिमाही (द3) के कॉर्पोरेट नतीजों पर टिकी होंगी। 1 फरवरी से लागू होने वाले नए टैक्स प्रावधानों के कारण एफएमसीजी सेक्टर में अल्पकालिक अस्थिरता बनी रह सकती है।

# नए साल की शुरूआत में बड़ा ऐलान वंदे भारत स्लीपर को जल्द हरी झंडी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी नए साल 2026 में बंगाल और असम को नई सौगात देने वाले हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहली जनवरी को बताया कि पीएम बंगाल को जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन की तारीख का भी ऐलान किया है। भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले कुछ ही दिनों में इस ऐतिहासिक रूट पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### रात के सफर में मिलेगी वर्ल्ड-क्लास सुविधा

रेल मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी।

### 15 अगस्त 2027 को चलेगी पहली बुलेट ट्रेन

वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा, आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

# कार्बन बॉर्डर टैक्स से बदलेगा खेल भारतीय धातु निर्यात पर असर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) का कुछ धातुओं पर कार्बन कर (सीबीएएम) एक जनवरी, 2026 से लागू होने जा रहा है। यह भारत के एल्युमीनियम एवं इस्पात निर्यातकों के लिए बड़ा झटका है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को कहा, यूरोपीय संघ के इस कदम से कई भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15 से 22 फीसदी तक की कटौती करनी पड़ सकती है, ताकि ईयू के आयातक उसी मुनाफे (मार्जिन) से सीबीएएम कर का भुगतान कर सकें। कीमतों में कटौती करना प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए भी जरूरी है। हालांकि, भारतीय निर्यातकों को सीधे तौर पर कार्बन कर का भुगतान नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि यूरोपीय संघ स्थित आयातकों (जो अधिकृत सीबीएएम घोषणाकर्ता के रूप में पंजीकृत हैं) को आयातित वस्तुओं में निहित उत्सर्जन से संबंधित सीबीएएम प्रमाणपत्र खरीदने होंगे। इसका भार अंततः भारतीय निर्यातकों को ही उठाना पड़ेगा।



दरअसल, 27 देशों का समूह यूरोपीय संघ उन वस्तुओं पर कार्बन कर लगा रहा है, जिनके निर्माण के दौरान कार्बन उत्सर्जन होता है। इस्पात क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस मार्ग में उत्सर्जन सबसे अधिक होता है, जबकि गैस आधारित डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) में यह कम एवं कबाड़ आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में सबसे कम होता है।

### ईयू बाजार से बाहर हो सकते हैं छोटे निर्यातक

जीटीआरआई संस्थापक ने कहा, एक जनवरी 2026 से ईयू में प्रवेश करने वाली भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम की हर खेप पर कार्बन लागत जुड़ेगी, क्योंकि सीबीएएम रिपोर्टिंग चरण से भुगतान चरण में प्रवेश करेगा। जटिल आंकड़ा और सत्यापन प्रक्रियाओं की वजह से अनुपालन लागत बढ़ेगी, जिससे कई छोटे निर्यातक ईयू बाजार से बाहर हो सकते हैं। जीटीआरआई संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत और ईयू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर चल रही बातचीत में भी कार्बन कर एक अहम मुद्दा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन हैं और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक ₹व्यक्तित्व परीक्षण₹ है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मोलू- यार पता है, भारत में पत्नियां अपने पति को ही सब कुछ मानती हैं।
लेकिन एक चीज कभी नहीं मानती?
गोलू- क्या?
मनोज- कहना।

---

पति पत्नी से- मैंने आज अपना 50 लाख का बीमा करवाया है।
पत्नी- ये तो आपने बहुत अच्छा किया, अब मुझे बार-बार ना करना पड़ेगा ना ही कहना पड़ेगा कि अपना ख्याल रखो।

---

एक शराबी सुबह सुबह एटीएम में गया
शराबी- एटीएम में पैसे हैं क्या ?
गार्ड- हां हैं।
शराबी- तो एटीएम से पैसे निकाल लूं क्या ?
गार्ड- हां निकाल लो
शराबी- लाओ पेंचकस ?
गार्ड बेहोश।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

**02 01 2026** करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# सरफराज की तूफानी शतकीय पारी के फैन हुए अश्विन

**सरफराज खान अपने जबरदस्त घरेलू प्रदर्शन से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। रविचंद्रन अश्विन ने उनके फॉर्म की तारीफ करते हुए सीएसके को आईपीएल 2026 में उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल करने की सलाह दी है। आंकड़े और मौजूदा लय को देखते हुए सरफराज चेन्नई के लिए बड़ा हथियार बन सकते हैं।**





**नई दिल्ली।** घरेलू क्रिकेट में सरफराज खान इस समय शानदार लय में नजर आ रहे हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में गोवा के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 75 गेंदों में 157 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें नौ चौके और 14 छक्के शामिल रहे। सरफराज ने महज 56 गेंदों में अपना शतक पूरा कर यह दिखा दिया कि वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में कितने खतरनाक बल्लेबाज बन चुके हैं।

**अश्विन ने गिनाए सरफराज के आंकड़े:** टीम इंडिया के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने सरफराज के प्रदर्शन की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) में सरफराज के आंकड़ों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उनका फॉर्म लगातार ऊंचाई पर बना हुआ है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सरफराज ने सात मैचों में 329 रन बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 203.08 और औसत 65.80 का रहा था।

**अश्विन का सीएसके को सीधा संदेश:** अश्विन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सरफराज को लेकर बेहद बेबाक राय रखी। उन्होंने लिखा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 100(47), 52(40), 64(25), 73(22) जैसी पारियां और फिर विजय हजारे में 55(49) के बाद गोवा के खिलाफ 157(75) की धमाकेदार पारी, जिसमें 14 छक्के शामिल हैं।

सरफराज बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ स्वीप और स्लॉग स्वीप से गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वह टीम इंडिया का दरवाजा बस खटखटा नहीं रहे हैं, बल्कि उसे तोड़कर अंदर घुस रहे हैं।

CSK को जरूर इस फॉर्म का फायदा उठाते हुए उसे प्लेइंग-11 में जगह देनी चाहिए। आईपीएल 2026 का बेसब्री से इंतजार है।'

**आईपीएल 2026 में सीएसके की बड़ी उम्मीद:** सरफराज खान को सीएसके ने आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में 75 लाख रुपये में खरीदा था। अश्विन की राय से यह साफ संकेत मिलता है कि चेन्नई सुपर किंग्स के पास बल्लेबाजी में विकल्पों की भरमार है, लेकिन सरफराज जैसे फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।

**सीएसके की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप:** ऋतुराज गायकवाड़, एमएस धोनी और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ियों के साथ सरफराज खान का जुड़ना सीएसके की बल्लेबाजी को और खतरनाक बना सकता है। अगर उन्हें नियमित मौके मिलते हैं, तो वह IPL 2026 में टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम: ऋतुराज गायकवाड़, एमएस धोनी, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, उर्विल पटेल, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह, जेमी ओवरटन, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, नूर अहमद, रामकृष्ण घोष, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, संजू सैमसन, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमान खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैक फोक्स।

# ब्राजील के पूर्व डिफेंडर रॉबर्टो कार्लोस की हृदय की सर्जरी हुई, जानें अब कैसी है हालत



**ब्राजील के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी रॉबर्टो कार्लोस की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिस कारण उनकी हृदय की सर्जरी करानी पड़ी है। कार्लोस नए साल के मौके पर छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, लेकिन तभी उन्हें अचानक से सर्जरी करानी पड़ी।**

**नई दिल्ली।** ब्राजील और रीयाल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर रॉबर्टो कार्लोस की हृदय से जुड़ी समस्या के लिए सर्जरी हुई है। स्पेन के दैनिक खेल समाचार पत्र डियारियो एएस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मैड्रिड के मौजूदा एंबेसडर और 52 साल के पूर्व फुल बैक खिलाड़ी कार्लोस कथित तौर पर अपने देश में छुट्टियां मना रहे थे जब एक जांच में हृदय में समस्या का पता चला।

**ठीक से काम नहीं कर रहा था हृदय:** कार्लोस ने शुरू में अपने पैर में खून के एक छोटे थक्के के लिए परीक्षण करवाए थे। हालांकि शरीर के पूर्व एमआरआई से पता चला कि उनका हृदय ठीक से काम नहीं कर रहा था।

उन्हें कैथेटर डालने की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन 40 मिनट तक चलने वाला था, लेकिन एक जटिलता के कारण इसमें लगभग तीन घंटे लग गए। यह प्रक्रिया सफल रही।

**कार्लोस का करियर**

कार्लोस को खतरे से बाहर बताया जा रहा है लेकिन डॉक्टर उन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और उबरने की प्रक्रिया के तहत उन्हें 48 घंटे अस्पताल में रहना होगा। अब तक के सबसे अटैकिंग लेफ्ट बैक में से एक कार्लोस ने ब्राजील के लिए 125 मैच खेले।

वह मैड्रिड में 11 साल तक खेले। कार्लोस उस विश्व कप टीम के सदस्य थे जो 1998 में फाइनल में पहुंची और 2002 में ट्रॉफी जीती। उन्होंने 1997 और 1999 में ब्राजील को कोपा अमेरिका जिताने में भी मदद की और मैड्रिड के साथ तीन बार चैंपियन्स लीग खिताब जीता।

# 2026 में खेल प्रेमियों के लिए है खास अगले साल होंगे खेलों के महासंग्राम



**नई दिल्ली।** साल 2026 खेल जगत के लिए बेहद खास रहने वाला है। विंटर ओलंपिक, आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप, फीफा वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स जैसे बड़े आयोजन एक ही साल में होंगे। क्रिकेट, फुटबॉल और ओलंपिक खेलों के प्रशंसकों के लिए यह साल रोमांच और ऐतिहासिक पलों से भरा रहेगा।

**अंडर-19 वनडे विश्व कप: वैभव-म्हात्रे का दिखेगा दमखम**

अंडर-19 वनडे विश्व कप की शुरूआत 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होगी। इस टूनामेंट में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी। इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी।

**विंटर ओलंपिक 2026: बर्फ पर श्रेष्ठता की जंग:** समर ओलंपिक की तरह ही विंटर ओलंपिक भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों को एक मंच पर लाता है। 2026 का विंटर ओलंपिक इसका 25वां संस्करण होगा, जिसकी संयुक्त मेजबानी इटली के मिलान और कोर्टिना डी एम्पेजो करेंगे। यह आयोजन छह फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगा।

स्कीइंग, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और आइस हॉकी जैसे खेलों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीट अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। भारत के लिए भी यह ओलंपिक खास रहेगा क्योंकि स्टार अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान बीजिंग 2022 के बाद अपने दूसरे लगातार ओलंपिक में उतरने की तैयारी में हैं। यह भारतीय विंटर स्पोर्ट्स के लिए एक अहम पड़ाव माना जा रहा है।

**आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप: क्रिकेट का सबसे बड़ा रंगमंच:** क्रिकेट की दुनिया में 2026 का सबसे बड़ा आकर्षण आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप होगा। इस टूनामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। प्रतियोगिता सात फरवरी से शुरू होगी, जबकि फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा।

भारत इस टूनामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगा। टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 में खिताब जीता था। तब टीम में विराट कोहली भी थे। अब ये दोनों नहीं होंगे। ऐसे में देखना होगा कि भारतीय टीम कैसा प्रदर्शन करती है। सभी प्रमुख क्रिकेट राष्ट्र इसमें हिस्सा लेंगे, लेकिन इटली पर खास नजर रहेगी, जो पहली बार पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू करेगा। क्वालिफायर में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें 'डार्क हॉर्स' बना दिया है।

**बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप तीन मार्च से:** बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप तीन मार्च से शुरू होगी, जिसमें पीवी सिंधू और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे।

# एशेज के बाद संन्यास लेंगे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा



**सिडनी।** पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि उस्मान ख्वाजा पांचवें एशेज टेस्ट के बाद संन्यास ले सकते हैं। चौथे टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी पर सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं मैथ्यू हेडन ने टॉप ऑर्डर की कड़ी आलोचना की है। सिडनी टेस्ट ख्वाजा के करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने चौथे एशेज टेस्ट के दौरान अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के 8000 रन पूरे कर लिए। 39 वर्षीय ख्वाजा के लिए यह उपलब्धि भले ही खास रही हो, लेकिन मौजूदा एशेज सीरीज उनके लिए यादगार नहीं रही है। इस सीरीज में उनके स्कोर 2, 82, 40, 29 और 0 रहे हैं, जो उनके अनुभव और कद के हिसाब से निराशाजनक माने जा रहे हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि पांचवां एशेज टेस्ट उस्मान ख्वाजा के करियर का आखिरी टेस्ट हो सकता है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा के पास सम्मान के साथ संन्यास लेने का बेहतरीन मौका है।

**माइकल क्लार्क ने दी संन्यास की सलाह**

क्लार्क ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उस्मान का विदाई टेस्ट होगा। यह कोई टोकन सिलेक्शन नहीं है। अगर उन्हें मेलबर्न में खिलाया गया है, तो सिडनी में भी उन्हें मौका मिलेगा, लेकिन मुझे लगता है कि इस टेस्ट के बाद वह संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतेगा और उम्मीद है कि ख्वाजा बड़े स्कोर के साथ विदा लें। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में शतक लगाकर संन्यास लेना किसी भी खिलाड़ी के लिए सपने जैसा होता है।'

**चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की करारी हार**

माइकल क्लार्क की यह प्रतिक्रिया चौथे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की शर्मनाक हार के बाद आई है। यह मुकाबला महज दो दिनों में खत्म हो गया, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम दोनों पारियों में 152 और 132 रन पर सिमट गई। पूरी टीम में कोई भी बल्लेबाज 50 रन तक नहीं पहुंच सका, जो घरेलू मैदान पर बेहद चिंताजनक प्रदर्शन माना जा रहा है।

**मैथ्यू हेडन का टॉप ऑर्डर पर हमला**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन ने भी टीम की बल्लेबाजी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्कोरकार्ड को अस्वीकार्य बताया और टॉप ऑर्डर की तकनीक पर सवाल उठाए। हेडन ने कहा, 'यह स्कोरकार्ड बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि पिच पर 50 मिलीमीटर घास थी। बल्लेबाजों को इससे बेहतर खेलना होगा। लाबुशेन, ख्वाजा, कैमरन ग्रीन जैसे खिलाड़ी अपनी बुनियादी तकनीक से जूझते दिखे। हमारे गेंदबाज बल्लेबाजों से ज्यादा तकनीकी रूप से मजबूत नजर आ रहे हैं, जो चिंताजनक है।'

**सिडनी टेस्ट पर टिकी निगाहें**

अब सबकी नजरें पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट पर टिकी हैं, जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। यह मुकाबला न सिर्फ सीरीज के नतीजे के लिहाज से अहम है, बल्कि उस्मान ख्वाजा के करियर के भविष्य को लेकर भी खास माना जा रहा है।

# सारा तेंदुलकर के गोवा से वायरल हुए वीडियो पर मचा हंगामा





**मुंबई।** गोवा में दोस्तों के साथ वीडियो वायरल होने के बाद सारा तेंदुलकर को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, लेकिन बड़ी संख्या में यूजर्स उनके समर्थन में भी उतरे। वहीं, सारा अपने करियर में वेलनेस और फिटनेस के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं।

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर इन दिनों सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रही हैं। वजह बना गोवा की सड़कों पर दोस्तों के साथ टहलते हुए उनका एक वीडियो, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। यह साफ नहीं हो पाया है कि यह वीडियो कब का है, लेकिन कुछ यूजर्स ने दावा किया कि यह नए साल के आसपास रिकॉर्ड किया गया है।

वीडियो में सारा अपने दोस्तों के साथ सड़क पर चलते हुए नजर आती हैं। इस दौरान उनके हाथ में एक बोतल दिखाई दे रही है, जिसे कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने बीयर की बोतल बताकर आपत्तिजनक टिप्पणियां शुरू कर दीं। कई यूजर्स ने इस मामले में सचिन तेंदुलकर का नाम घसीटते हुए सारा को निशाना बनाया, जिसे लेकर विवाद और गहरा गया।

हालांकि, ट्रोलिंग के बीच सारा तेंदुलकर के समर्थन में भी बड़ी संख्या में लोग सामने आए। एक यूजर ने लिखा, 'यह कैसी दकियानूसी सोच है? सारा के बीयर पीने और तेंदुलकर के शराब प्रमोशन में क्या संबंध है? क्या एक बेटी को अपनी जिंदगी जीने का हक नहीं है?' वहीं, एक अन्य यूजर ने साफ शब्दों में कहा, 'इस वीडियो में ट्रोल करने लायक कुछ भी नहीं है।' इन प्रतिक्रियाओं से साफ है कि सोशल मीडिया का एक बड़ा वर्ग इस ट्रोलिंग को गैर-जरूरी और अनुचित मान रहा है।

अगस्त में सारा तेंदुलकर ने क्रिकेट को करियर के रूप में न चुनने की वजह पर भी खुलकर बात की थी। उनके भाई अर्जुन तेंदुलकर घरेलू क्रिकेट में गोवा के लिए ऑलराउंडर के रूप में खेलते हैं। इस पर सारा ने कहा था, 'कभी नहीं। क्रिकेट हमेशा मेरे भाई की पसंद रही है।

मैंने गली क्रिकेट खेला है, लेकिन कभी इसे करियर बनाने के बारे में नहीं सोचा।' उन्होंने मुंबई के अंधेरी इलाके में पिलाटेस अकादमी की शुरूआत की है। यह दुबई स्थित लोकप्रिय पिलाटेस अकादमी की चौथी शाखा है, जिसे 21 अगस्त 2025 को आम लोगों के लिए खोला गया।

# टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान, कमिंस की वापसी, पंजाब किंग्स के स्टार को नहीं मिली जगह



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए स्पिनरों से भरपूर टीम का एलान किया है, जिसमें पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की वापसी हुई है। वहीं, पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। टीम का फोकस श्रीलंका और भारत की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर संतुलन बनाने पर रहा है।

ऑस्ट्रेलिया ने इस साल होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी अस्थायी (प्रोविजनल) टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की वापसी हुई है, जबकि पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को टीम में जगह नहीं मिली। चयनकताओं ने इस बार स्पिन को खास तवज्जो देते हुए संतुलित स्क्वॉड चुना है।

एशेज में चोटों से जूझे कमिंस-हेजलवुड

एशेज सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा था, जब टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल हो गए थे। कमिंस लोअर बैक की समस्या के कारण पांच में से सिर्फ एक टेस्ट (एडिलेड) ही खेल पाए थे, जबकि हेजलवुड एचिलीज इंजरी के चलते पूरी सीरीज से बाहर रहे। अब दोनों खिलाड़ियों की फिटनेस में सुधार हुआ है और उन्हें वर्ल्ड कप स्क्वॉड में शामिल किया गया है। कमिंस की इस महीने के अंत में एक और स्कैन रिपोर्ट आएगी, जिससे उनकी उपलब्धता की अंतिम पुष्टि होगी।

**चयनकर्ता जॉर्ज बेली का बयान**

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने टीम के चयन पर भरोसा जताते हुए कहा, 'पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और टिम डेविड अच्छी रिकवरी कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि वे वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध होंगे। यह शुरूआती टीम है और जरूरत पड़ने पर सपोर्ट पीरियड से पहले बदलाव किए जा सकते हैं।'

**स्पिन पर खास फोकस**

ऑस्ट्रेलिया के ग्रुप स्टेज के सभी मुकाबले श्रीलंका में खेले जाने हैं, जहां स्पिन-फ्रेंडली पिचों की उम्मीद है। इसी को ध्यान में रखते हुए टीम में एडम जैम्पा के साथ-साथ लेफ्ट आर्म स्पिनर मैथ्यू कुहनेमान और कूपर कोनोली को शामिल किया गया है। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल भी पार्ट-टाइम स्पिन का विकल्प देंगे।

**पंजाब किंग्स के स्टार मिचेल ओवेन बाहर**

सबसे चौंकाने वाला फैसला मिचेल ओवेन को टीम से बाहर रखना रहा। ऑलराउंडर ओवेन को हाल ही में आईपीएल 2026 से पहले पंजाब किंग्स ने रिटेन किया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में जगह नहीं मिल सकी। इसके अलावा जोश इंग्लिस के लिए कोई बैक-अप विकेटकीपर नहीं चुना गया और मिचेल स्टार्क के संन्यास के बाद कोई लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाज भी शामिल नहीं किया गया।

**तेज गेंदबाजी की कमान**

तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई पैट कमिंस और जोश हेजलवुड करेंगे।

# साल 2026 टीम इंडिया के लिए होगा निर्णायक, टी20 वर्ल्ड कप का दबाव





**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के लिए 2026 हर लिहाज से निर्णायक साल होगा। टी20 वर्ल्ड कप का दबाव, टेस्ट क्रिकेट में वापसी की चुनौती और लगातार विदेशी दौरों के बीच संतुलन बनाए रखना टीम मैनेजमेंट के लिए बड़ी परीक्षा होगी।

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए साल 2026 बेहद व्यस्त, चुनौतीपूर्ण और ऐतिहासिक होने जा रहा है। एक ओर भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया अपने खिताब को बचाने उतरेगी, तो दूसरी ओर टेस्ट क्रिकेट में हालिया झटकों के बाद साख वापस पाने की बड़ी जिम्मेदारी भी होगी।

साल 2025 में भारत को घरेलू टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी थी, हालांकि लिमिटेड ओवर फॉर्मेट में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। अब 2026 में तीनों फॉर्मेट में खुद को साबित करना टीम इंडिया के लिए जरूरी होगा।

**फरवरी-मार्च 2026: टी-20 वर्ल्ड कप (भारत और श्रीलंका)**

इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। साल 2026 का सबसे बड़ा इवेंट टी20 वर्ल्ड कप होगा, जिसमें टीम इंडिया घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने उतरेगी।

**जनवरी 2026: न्यूजीलैंड सीरीज और अंडर-19 विश्व कप**

साल की शुरूआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से होगी, जिसमें वनडे और टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। इसी महीने अंडर-19 वनडे विश्व कप भी खेला जाना है। अंडर-19 वनडे विश्व कप की शुरूआत 15 जनवरी से होगी और यह टूनामेंट छह फरवरी तक खेला जाएगा। जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में यह टूर्नामेंट होगा। इस टूर्नामेंट में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी। ग्रुप स्टेज के बाद सुपर सिक्स राउंड खेला जाएगा और फिर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पहला सेमीफाइनल तीन फरवरी और दूसरा सेमीफाइनल चार फरवरी को खेला जाएगा। फाइनल छह फरवरी को हरारे में खेला जाएगा।

**अंडर-19 विश्व कप में भारतीय टीम के ग्रुप स्टेज मुकाबले**

| तारीख | मुकाबला | स्थान |
|---|---|---|
| 15 जनवरी | भारत बनाम अमेरिका | बुलवायो |
| 17 जनवरी | भारत बनाम बांग्लादेश | बुलवायो |
| 24 जनवरी | भारत बनाम न्यूजीलैंड | बुलवायो |

**आगे के मुकाबले (अगर क्वालिफाई किया)**

| तारीख | मुकाबला |
|---|---|
| 24 जनवरी- 1 फरवरी | सुपर-6 राउंड |
| 3 फरवरी | पहला सेमीफाइनल |
| 4 फरवरी | दूसरा सेमीफाइनल |
| 6 फरवरी | फाइनल |

**वनडे सीरीज: भारत बनाम न्यूजीलैंड**

| तारीख | मुकाबला | स्थान |
|---|---|---|
| 11 जनवरी | पहला वनडे | वडोदरा |
| 14 जनवरी | दूसरा वनडे | राजकोट |
| 18 जनवरी | तीसरा वनडे | इंदौर |

**टी20 सीरीज: भारत बनाम न्यूजीलैंड**

| तारीख | मुकाबला | स्थान |
|---|---|---|
| 21 जनवरी | पहला टी20 | नागपुर |
| 23 जनवरी | दूसरा टी20 | रायपुर |
| 25 जनवरी | तीसरा टी20 | गुवाहाटी |
| 28 जनवरी | चौथा टी20 | विशाखापत्तनम |
| 31 जनवरी | पांचवां टी20 | तिरुवनंतपुरम |

# क्रैमनिक ने फिडे पर लिया एक्शन, स्विस सिविल कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया




**मॉस्को।** क्रैमनिक ने एक्स पर पोस्ट किया कि साथी खिलाड़ियों और फिडे ने उनके खिलाफ लगातार हमलावर तेवर अपनाए हैं जिसके कारण उन्हें कानूनी रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

रूस के शतरंज खिलाड़ी व्लादिमीर क्रैमनिक ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की की मौत के बाद कथित तौर पर अपुष्ट धोखाधड़ी के आरोपों के साथ खिलाड़ियों को परेशान करने के आरोप में जांच का सामना करने के बाद विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था (फिडे) के खिलाफ स्विट्जरलैंड की एक जन अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

क्रैमनिक ने एक्स पर पोस्ट किया कि साथी खिलाड़ियों और फिडे ने उनके खिलाफ लगातार हमलावर तेवर अपनाए हैं जिसके कारण उन्हें कानूनी रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने नारोदित्स्की के खिलाफ धोखाधड़ी के क्रैमनिक के आरोपों को शर्मनाक बताया था।

अमेरिका के 29 वर्षीय खिलाड़ी नारोदित्स्की की मौत का सटीक पता नहीं है लेकिन उन्होंने अपने आखिरी लाइवस्ट्रीम में कहा था कि वह क्रामनिक के आरोपों के कारण बहुत मानसिक तनाव में हैं। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा ने भी कहा था कि क्रामनिक के उन पर लगाए गए ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप के कारण वह व्यथित महसूस कर रहे हैं। रूस के खिलाड़ी ने हालांकि कहा कि उन्होंने बिना किसी आधार के आरोप नहीं लगाए थे। पूर्व विश्व चैंपियन क्रामनिक ने कहा, 'मैंने स्विस कानून के अनुसार लुसाने की अदालत में फिडे के खिलाफ औपचारिक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। स्विस नियमों के तहत इस मामले में पहले एक अनिवार्य प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी।



# धूम-धाम से मनाया गया पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का जन्मदिन









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का जन्मदिन उनके समर्थकों ने, क्षेत्रवासियों ने धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उनके समर्थकों ने जन्मदिन पर उनकी लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनायें दीं। राजेन्द्र नगर में आयोजित जन्मदिन समारोह में राजनीति, समाजसेवा, व्यापारमंडल, आरडब्ल्यूए और अन्य वर्गों के लोग शामिल हुए। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपने जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनायें देने पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।




## विधायक जी कौन सा ये सारे कंबल अपने घर से लेकर आये थे

शहर में रुक्का ही इन दिनों विधायक जी के नाम का है। विधायक जी सबको नाम से बुलाते हैं। विधायक जी घर पहुंचे व्यक्ति को पानी भी पिलवाते हैं मिठाई भी खिलाते हैं। विधायक जी बहुत ही मधुर हैं और तलाशने वाले उनमें फिर भी कमी तलाश लेते हैं। विधायक जी ने सर्दी में कंबल बांटे और कहीं फुटपाथ पर बैठे व्यक्तिको कंबल ओढ़ाया तो कहीं रैन बसेरा पहुंच कर कंबलों का दान किया। दान की बात चली तो उस वाले खेमे ने बता दिया कि कौन सा महान काम किया। वो फोटो दिखाकर बता रहे हैं कि आप उन्हें क्यों महान बता रहे हो। कंबल तो प्रशासन वाले लेकर आये थे और विधायक जी तो कंबलों की परोपकारी में अपनी अदाकारी से एन्ट्री मार गये। विधायक जी ये कंबल अपने घर से लेकर नहीं आये थे। कंबल तो प्रशासन वाले लाये थे। विधायक जी ने तो बस इन कंबलों को अपने हाथ में लेकर दूसरों को ओढ़ा दिया।

## कमरे में लग गया था ताला, तब त्यागी जी ने फोन करके खुलवा डाला

पुराने किस्से बाहर आ रहे हैं और किस्सों की ये शुरूआत मंच वाली अदावत के बाद बाहर आई है। क्रान्तिकारी त्यागी जी अब पार्षद हसबैंड भी हैं। वैसे उनके स्टाईल का बैंड कई बार बज चुका है। दिल के बहुत अच्छे हैं और कई बार मददगार भी बनते हैं। किस्सा कोरोना का बाहर आया तो पता चला कि जब दो नेताओं को प्रशासन का बाबू कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगाकर चला गया था तब त्यागी जी ने ही ये ताला खुलवाया था। एक महामंत्री और एक उपाध्यक्ष पास बनवाने डीएम दफ्तर में गये थे। दफ्तर का बाबू गौतम और चौहान को कमरे में बिठाकर बाहर से ताला लगाकर भाग गया। अब गौतम और चौहान फोन मिलायें और कोई उनका फोन ना उठाये। ऐसे में क्रान्तिकारी त्यागी जी का करंट काम आया। उन्होंने एक फोन मिलाया और अधिकारी ने फोन उठाया। इसके बाद अधिकारी ने वो ताला खुलवाया। बताते हैं कि उसके बाद त्यागी जी तो कई बार पास बनवाने के लिएअधिकारी के दफ्तर गये लेकिन गौतम और चौहान ने फिर यू-टर्न ले लिया और ताले में बंद होने के डर से फोन भी नहीं किया।

## कमल पार्षद चाहता है उसके वार्ड में पीडब्लूडी वाले कर लें एक बार सर्वे

वैसे तो ये कहते हैं कि सरकार वालों की टॉर ही अलग होती है। सुना है उनके मौहल्लों के काम भी तेज गति से होते हैं। लेकिन भगवागढ़ में सीन कुछ अलग चल रहा है। गली मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि हाथ वालों के मौहल्ले में काम चल रहा है। साईकिल वाले के लैटर का पूरा मैटर अधिकारी पढ़ लेते हैं। लेकिन अगर लैटर पर कमल दिख गया तो फिर कभी फंड नहीं है तो कभी कुछ और तकमिन्ना कट जाता है। फूल वाले पार्षद ने बताया कि बोर्ड वाली बैठक में हम तो इस बात का मुद्दा भी उठायेंगे कि कमल वार्डों में काम क्यों नहीं हो रहे। फूल मैम्बर ने पूरे एंगरके साथ 20 वार्डों की लिस्ट दी और कहा कि अगर इन वार्डों के फंड की कहानी हमने उठाई तो आप मानों की ट्विस्ट आ जायेगा। उन्होंने कहा कि हम तो अब लखनऊ वालों के पास सिर्फ ये अर्जी लगाने जा रहे हैं कि एक बार हमारे वार्डों में आप पीडब्लूडी या किसी अन्य विभाग से सर्वे करा लो। निगम वालों को तो लग रहा है कि काम की जरूरत नहीं है और वो कह चुके कि फंड भी नहीं है।

# नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए 2026 के टारगेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नव वर्ष के प्रथम दिन उत्साहपूर्ण माहौल रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों, निगम अधिकारियों एवं पार्षदों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए वर्ष 2026 के लक्ष्य निर्धारित किए।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर हित में चल रहे 14 प्रमुख प्रोजेक्ट आगामी 6 माह (जून 2026 तक) हर हाल में गति पकड़ें। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर जोर दिया।

निदेशों के अंतर्गत निर्माण विभाग को सीएम ग्रिड फेस-2, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, विजयनगर कार्यालय, सेफ सिटी के तहत 350 कैमरों की स्थापना तथा कारकस प्लांट के कार्य शीघ्र पूरे करने को कहा गया। उद्यान विभाग को उपवन योजना, बायोडायवर्सिटी पार्क और मियावाकी पद्धति के विस्तार के निर्देश दिए गए। एबीसी सेंटर (विजयनगर) जनवरी माह में पूर्ण करने तथा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम एक सप्ताह में पूरा करने को कहा गया। जलकल विभाग को बायो-सीएनजी प्लांट व विजयनगर में गंगाजल परियोजना, जबकि प्रकाश विभाग को 20 चार्जिंग स्टेशनों पर 100 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम मोदीनगर, जीडीए सचिव, तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, पार्षद, सामाजिक संस्थाएं, डीवीएफ टीम, सफाई मित्र एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने नागरिकों से भी कचरा पृथक्करण (सूखा-गीला अलग), प्लास्टिक मुक्त शहर और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की।

# खुशखबरी! एकमुश्त समाधान योजना से मिलेगी ऋण मुक्ति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण लेने वाले लाभार्थियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है।

इस योजना के तहत पं. दीन दयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, स्वच्छकार विमुक्ति एवं पुनर्वासन योजना तथा अन्य अनुसूचित जाति योजनाओं में ऋण लेने वाले ऐसे



लाभार्थी, जिन्होंने निर्धारित अवधि में ऋण अदायगी नहीं की है, वे एकमुश्त राशि जमा करने पर दंड ब्याज व चक्रवृद्धि ब्याज से पूर्णतः मुक्त हो जाएंगे।

लाभार्थियों से केवल तीन वर्ष का साधारण ब्याज लिया जाएगा और शेष वर्षों का कोई ब्याज देय नहीं होगा। भुगतान के उपरांत उन्हें ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने की अवधि 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है। इच्छुक लाभार्थी कार्यालय कक्ष संख्या 206, विकास भवन, कलेक्ट्रेट राजनगर, गाजियाबाद अथवा संबंधित विकास खंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) से संपर्क कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने लाभार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते योजना का लाभ उठाकर कानूनी कार्रवाई से बचें और ऋण मुक्ति सुनिश्चित करें।

## पैनल फैक्ट्री में चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** कोतवाली फेज-2 पुलिस ने फैक्ट्री में चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, इसमें सरगना भी शामिल है। बदमाशों ने सेक्टर-88 स्थित पैनल बनाने वाली फैक्ट्री में 19 दिसंबर को चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से 41 बंडल तार, लोहे की 61 प्लेट, स्टील की 120 पत्ती, तीन चाकू, ग्राइंडर मशीन, एक हथौड़ी, एक छेनी, दो कटर व एक कार बरामद की है। इनकी पहचान बुलंदशहर सिकंदराबाद के महेपा गांव के अशोक भाटी, बुलंदशहर बराल गांव के सचिन उर्फ विशाल व दिल्ली पांडव नगर शशि गार्डन के वसीम मलिक के रूप में हुई। गिरोह का सरगना सचिन है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जन्मदायनी मां के सम्मान में इससे बेहतर संदेश कुछ नहीं हो सकता। अम्मी के निधन के 30 साल बाद भी एक बेटे के रूप में वरिष्ठ पत्रकार इमरान खान को उनके दिये संस्कार याद हैं। वो अपनी अम्मी की पुण्यतिथि पर उनकी याद में हर वर्ष रक्तदान करते हैं। माता की याद में बेटे का रक्तदान मानवता की मिसाल है। परोपकारिता, मानव सेवा और अपनी मां के प्रति अपने लगाव का , अपने सम्मान का संदेश देती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का भव्य शुभारम्भ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि ज्योति मौर्या रहीं। यह अभियान 01 से 31 जनवरी 2026 तक संचालित होगा।




मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चुनौती हैं। यातायात नियमों का पालन भय से नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की भावना से होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ने आमजन से स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को प्रेरित करने की अपील की।

▸ 'सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित भविष्य' के संकल्प के साथ जन-जागरूकता अभियान प्रारम्भ



कार्यक्रम में डॉ. सिया राम वर्मा ने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा पालन, नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने तथा ओवरलोडिंग व गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्परिणामों पर जागरूक किया। पी.के. सिंह द्वारा उपस्थित जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु परिवहन विभाग के प्रचार वाहनों व इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी, यातायात पुलिस, ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी, वाहन चालक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## कंपकंपी नहीं, सतर्कता जरूरी-शीतलहरी से बचाव को प्रशासन की एडवाइजरी जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा 'क्या करें - क्या न करें' विषयक एडवाइजरी जारी की गई है। इसका उद्देश्य आमजन को ठंड से होने वाली बीमारियों व दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखना है। एडवाइजरी में शीतलहरी से पहले, दौरान और बाद में बरती जाने वाली सावधानियों पर जोर दिया गया है। नागरिकों को मौसम पूवार्नुमान पर नजर रखने, पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनने, शरीर को ढककर रखने, विटामिन-सी युक्त आहार लेने और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। बुजुर्गों, बच्चों, बीमार व्यक्तियों और अकेले रहने वालों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बंद कमरे में कोयला या अंगीठी जलाना जानलेवा हो सकता है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है। शीतलहरी के लक्षण जैसे अत्यधिक कंपकंपी, सुन्नता, बोलने में दिक्कत, कमजोरी या चेतना में कमी दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की अपील की गई है। पालतू जानवरों को भी ठंड से बचाने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही नागरिकों से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी 'फास्ट' और 'सचेत' मोबाइल ऐप डाउनलोड कर आपातकालीन सूचनाओं से जुड़े रहने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), गाजियाबाद द्वारा जारी की गई।

## ईरान में सड़कों पर अवाम, सरकारी इमारतों में तोड़फोड़ की कोशिश, कई जगहों पर भड़की हिंसा



**ईरान।** ईरान में आर्थिक संकट गहराने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है और देश के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ईरान में विरोध प्रदर्शन का चौथा दिन है और अब ये लगातार व्यापक हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई सड़कों को ब्लॉक कर दिया है। राजधानी तेहरान में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर गए हैं।

### तेहरान से शुरू हुआ प्रदर्शन देश के कई शहरों में फैला

बढ़ती महंगाई और ईरान की मुद्रा के पतन के चलते हजारों लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और अब यह विरोध प्रदर्शन देश के कई शहरों में फैल गया है। इस प्रदर्शन की शुरूआत तेहरान के ग्रैंड बाजार के दुकानदारों से हुई, जो धीरे धीरे देशव्यापी प्रदर्शन में बदल गया। अब ये विरोध प्रदर्शन विश्वविद्यालयों तक फैल गया है। छात्र सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने ईरान के निर्वासित राजा रजा पहलवी के समर्थन में भी नारेबाजी की। कई जगहों पर हिंसा हुई है और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकारी इमारतों में भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की कोशिश की।

ईरान की मुद्रा रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। एक अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए ईरान के लोगों को 14 लाख रियाल खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके चलते ईरान में आयात बेहद महंगा हो गया है और महंगाई नियंत्रण से बाहर हो गई है। ईरान पहले ही अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के चलते आर्थिक संकट से घिरा हुआ है। क्षेत्रीय तनाव ने उसकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। रोजमर्रा की चीजें महंगी होने से आम लोगों में भारी गुस्सा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की सरकार नए साल में लोगों पर टैक्स बढ़ाने की योजना बना रही है। पहले से ही महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रहे लोगों में टैक्स बढ़ने की खबरों से गुस्सा भड़क गया है।

# ड्रग तस्करी के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई तेज

## वेनेजुएला पर शिकंजा, तेल कंपनियों व टैंकरों पर नए प्रतिबंध

**- सेना का दावा है कि ये नावें ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल होने वाले रास्तों पर थीं और हमले से पहले आपस में नशीले पदार्थों की अदला-बदली कर चुकी थीं।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने ड्रग तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन और संदिग्ध नावों पर हमला किया है। इस हमले में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि कुछ लोग नावों से कूदकर समुद्र में चले गए, जिनके जिंदा बचने की संभावना जताई जा रही है। अमेरिकी सेना की यह जानकारी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने दी। हालांकि, यह साफ नहीं किया गया कि ये हमले किस जगह हुए, लेकिन पहले ऐसे हमले कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में हो चुके हैं।

### नाव पर हमले में तीन लोगों की मौत

सेना की तरफ से जारी वीडियो में दिखाया गया कि तीनों नावें एक साथ काफिले में चल रही थीं, जो सामान्य नहीं माना जाता। सेना का दावा है कि ये नावें ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल होने वाले रास्तों पर थीं और हमले से पहले आपस में नशीले पदार्थों की अदला-बदली कर चुकी थीं। हालांकि, इसका कोई ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया गया। पहली नाव पर हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। बाकी दो नावों में सवार लोग हमले से पहले समुद्र में कूद गए। इसके बाद तुरंत अमेरिकी कोस्ट गार्ड को सूचना दी गई, ताकि खोज और बचाव अभियान चलाया जा सके। अब तक यह साफ नहीं है कि समुद्र में कूदे लोगों को बचाया गया या नहीं।

### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

सितंबर में हुए एक पुराने हमले के बाद अमेरिका को आलोचना झेलनी पड़ी थी, जब घायल नाव पर दोबारा हमला किया गया था। कुछ डेमोक्रेट सांसदों और कानूनी विशेषज्ञों ने इसे अपराध बताया था, जबकि ट्रंप प्रशासन ने इसे कानूनी कार्रवाई कहा। अब तक सितंबर से शुरू हुए इन हमलों में 33 नावों पर हमला, कम से कम 110 लोगों की मौत बताई जा चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि ड्रग्स को अमेरिका में घुसने से रोकने के लिए यह कार्रवाई जरूरी है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है।

### वेनेजुएला पर नए प्रतिबंध

इसी बीच अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल सेक्टर पर भी बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका ने चार तेल कंपनियों, चार तेल टैंकरों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये टैंकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार की मदद कर रहे थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के मुताबिक, इन टैंकरों और कंपनियों की अमेरिका में मौजूद संपत्तियां फ्रीज कर दी जाएंगी। नियम तोड़ने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। अमेरिका का आरोप है कि मादुरो सरकार तेल से होने वाली कमाई का इस्तेमाल ड्रग तस्करी और अपराध के लिए कर रही है।

### सीआईए की गुप्त कार्रवाई

एक और बड़े खुलासे में सामने आया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने पिछले हफ्ते वेनेजुएला में ड्रोन हमला किया। यह हमला उस जगह पर हुआ, जहां ड्रग कार्टेल्स के इस्तेमाल की आशंका थी। यह सितंबर के बाद वेनेजुएला की जमीन पर पहली सीधी अमेरिकी कार्रवाई मानी जा रही है, जिससे मादुरो सरकार पर दबाव और बढ़ गया है।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू पर हमला: धारदार हथियार से वार, फिर जिंदा जलाने की कोशिश

**ढाका।** बांग्लादेश के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है।

घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह केनश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान दामुद्या-शरियतपुर रोड पर केउरभंगा बाजार के पास बदमाशों ने ऑटो रुकवाया और उन पर हमला कर दिया।




पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने पहले खोकन चंद्र दास की पिटाई की। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यहीं नहीं रुके हमलावर, बल्कि उन्होंने खोकन के सिर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### तालाब में कूदकर बचाई जान

जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और रात करीब 10 बजे शरियतपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर उन्हें उसी रात ढाका भेज दिया गया।

### पत्नी का आरोप : पहचान छिपाने के लिए जलाया

घायल की पत्नी सीमा दास ने बताया कि उनके पति रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से बदमाशों ने उनकी हत्या की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उन्होंने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था, फिर भी इस तरह का हमला क्यों हुआ, यह समझ से बाहर है। शरियतपुर सदर अस्पताल के डॉक्टर नजरुल इस्लाम ने बताया कि खोकन चंद्र दास के शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। पेट में गंभीर चोट है, जिसकी वजह से उन्हें ढाका रेफर किया गया। इसके अलावा उनके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और हाथों पर जलने के निशान भी पाए गए हैं। दामुद्या थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद रबीउल हक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# 'सोच-समझकर योजना बनाई गई..', रूस ने जारी किया राष्ट्रपति पुतिन के आवास पर कथित हमले का वीडियो

**मास्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने रात में रिकॉर्ड किया गया एक वीडियो जारी किया है। इसके बारे में उसका दावा कि यह उत्तर-पश्चिम रूस में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास के पास मार गिराए गए यूक्रेनी ड्रोन का मलबा है। इस दावे से यूक्रेन युद्ध को लेकर जारी शांति वार्ताओं के तनाव फिर बढ़ गया है। मॉस्को ने इस घटना को 'आतंकी हमला' करार दिया और इसे पुतिन पर निजी हमला बताया। वहीं, कीव ने इस दावे को पूरी तरह झूठा और मनगढ़ंत बताया है।

यह वीडियो बुधवार को जारी किया गया। वीडियो में बर्फ से ढके जंगल वाले इलाके में एक क्षतिग्रस्त ड्रोन पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह ड्रोन 28 दिसंबर की रात नोवगोरोद क्षेत्र में पुतिन के आवास को निशाना बनाकर किए गए 'सामूहिक ड्रोन हमले' के दौरान रोका गया था। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, कुल 91 ड्रोन छोड़े गए थे, जिन्हें उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। मंत्रालय ने दावा किया कि ड्रोन में छह किलोग्राम विस्फोटक था। हालांकि, पुतिन के आवास को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।





मंत्रालय के मुताबिक यह कथित हमला पूरी तरह निशाने पर केंद्रित था और इसे सावधानी से योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए रूस ने यह नहीं बताया कि उस समय पुतिन कहां थे। आमतौर पर उनके आवास की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती। हालांकि पहले जांच में इस क्षेत्र में एक झील किनारे कड़ी सुरक्षा वाले परिसर का जिक्र किया गया है।

यूक्रेन और उसके सहयोगियों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इसे 'पूरी तरह से मनगढ़ंत कहानी' बताया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद जारी कूटनीतिक प्रयासों को प्रभावित करना है। कीव ने कहा कि मॉस्को के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है और रूस यूक्रेनी शहरों खासकर कीव, पर आगे हमलों की जमीन तैयार कर रहा है।

जेलेंस्की ने पत्रकारों से कहा कि उनकी वार्ता टीम ने अमेरिकी टीम से बात की है और वह जानते हैं कि यह दावा फर्जी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से इस मामले की स्वतंत्र जांच करने की अपील की। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबीहा ने भी कहा कि रूस शांति की दिशा में हो रहे प्रयासों को कमजोर करने के लिए झूठ फैला रहा है।

## स्विट्जरलैंड: नए साल पर स्की रिसॉर्ट में लगी आग, बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका; 100 से अधिक घायल

**स्विट्जरलैंड।** स्विट्जरलैंड में नए साल का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया, जब एक स्की रिसॉर्ट में धमाका हुआ, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। घटना में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपात सेवाओं ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। पहले मीडिया रिपोर्ट्स में धमाके की बात कही जा रही थी, लेकिन अब रेस्तरां में आग लगने का दावा किया गया है।





### आग लगने की वजह अभी तक साफ नहीं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आग स्की रिसॉर्ट के लिए मशहूर शहर क्रांस मोंटाना के रिसॉर्ट में लगी। क्रैंस-मोंटाना शहर स्विस आल्प्स के बीच में है। आग रिसॉर्ट के रेस्तरां में हुआ, जहां नए साल का जश्न मनाया जा रहा था। आग लगने के चलते बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की खबर है और 100 से अधिक हुए हैं। मरने वाले लोगों में कई विदेशी लोग भी शामिल हैं। आग वाली जगह को सील कर जांच की जा रही है। एहतियातन रिसॉर्ट के आसपास के इलाके को भी सील कर दिया गया है। आग किसी दुर्घटना की वजह से लगी या इसके पीछे कोई साजिश है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

क्रांस मोंटाना पुलिस के प्रवक्ता गैटन लैथियन ने बताया, 'आग आज सुबह करीब 1:30 बजे 'ले कॉन्स्टेलेशन' नाम के एक बार में लगी। घटना के वक्त इमारत में सौ से ज्यादा लोग थे और कई लोगों की मौत की आशंका है और कई लोग घायल हुए हैं।' लैथियन ने कहा कि प्रभावित परिवारों के लिए एक रिसेप्शन सेंटर और हेल्पलाइन शुरू की गई है। लैथियन ने कहा, 'हम अभी अपनी जांच की शुरूआत में हैं, लेकिन यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर स्की रिसॉर्ट है जहां बहुत सारे पर्यटक आते हैं।'

## हादी हत्याकांड: बांग्लादेश के दावे की पोल खुली, दुबई में है कथित आरोपी फैसल; भारत में होने का किया था दावा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार एक बार फिर से बेनकाब हो गई है। उस्मान हादी की हत्या में शामिल आरोपियों के भारत में होने का दावा करने वाली यूनुस सरकार का झूठ दुनिया के सामने आ गया है। बांग्लादेश ने हादी की हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद के भारत में होने की बात कही है। अब आरोपी फैसल करीम मसूद ने वीडियो जारी कर बताया है कि वह दुबई में है।



हादी की हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि वह इस वक्त दुबई में है। साथ ही उसने हादी की हत्या में किसी भी भूमिका से इन्कार किया है। अज्ञात हमलावरों ने 12 दिसंबर को हादी को गोली मार दी थी, जिसके छह दिन बाद उसकी इलाज के दौरान सिंगापुर में मौत हो गई थी।

बांग्लादेश पुलिस ने दावा किया कि था हादी की हत्या के बाद आरोपी भारत फरार हो गए और वे मेघालय में छिपे हुए हैं। हालांकि, भारत सरकार और मेघालय पुलिस बांग्लादेश के दावों को पहले ही खारिज कर चुके हैं। अब हादी की हत्या के मुख्य आरोपी फैसल ने वीडियो संदेश में खुद के दुबई में होने का दावा किया है। हालांकि, अब तक इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं हो सकी है।

वीडियो में फैसल ने दावा किया कि हादी पर हुए हमले में चरमपंथी राजनीतिक गुट का हाथ है। हालांकि, उसने माना कि वह गोलीबारी से पहले हादी के दफ्तर गया था, लेकिन इंकलाब मंच के प्रवक्ता (हादी) के साथ उसका रिश्ता पूरी तरह से बिजनेस से जुड़ा था। फैसल ने आरोप लगाया कि उसके परिवार को इस केस में झूठा फंसाया जा रहा है। बेगुनाह होने के बावजूद परिवार के सदस्यों को परेशान और टॉर्चर किया जा रहा है।

फैसल ने कहा, मैंने हादी की हत्या नहीं की। इस झूठे आरोप की वजह से मुझे देश छोड़कर दुबई आना पड़ा। मैं बहुत मुश्किल से दुबई पहुंचा हूं। जबकि मेरे पास पांच साल का वैध मल्टीपल-एंट्री दुबई वीजा था। हादी हत्याकांड में मेरा कोई हाथ नहीं है।

## रूस ने यूक्रेन के ओडेसा शहर में किए ड्रोन हमले, बच्चों सहित छह घायल



**ओडेसा।** रूस के ड्रोन ने रात के समय दक्षिणी यूक्रेन के शहर ओडेसा में आवासीय इमारतों और बिजली ग्रिड पर हमला किया। इस हमले में बच्चों सहित कुल छह लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह कीपर के मुताबिक, बमबारी में चार अपार्टमेंट की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली कंपनी डीटीईके ने कहा कि उसकी दो ऊर्जा सुविधाओं को भारी नुकसान हुआ है। कंपनी ने बताया कि दिसंबर में ही ओडेसा क्षेत्र में बिजली वितरित करने वाले 10 उप स्टेशन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

रूस ने इस साल यूक्रेन के शहरी इलाकों पर लंबी दूरी के हमले बढ़ा दिए हैं। रूस ने करीब चार साल पहले अपने पड़ोसी पर हमला किया था। तब से उसने सबसे ज्यादा निशाना उर्जा ढांचे को बनाया है, ताकि कड़ाके की सर्दी में यूक्रेन के लोगों को पानी से वंचित किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र ने इस महीने की शुरूआत में बताया कि जनवरी से नवंबर के बीच 2,300 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए और 11 हजार से ज्यादा घायल हुए। यह संख्या 2024 की इसी अवधि की तुलना में 26 फीसदी और 2023 की तुलना में 70 फीसदी अधिक है। रूस के लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब जंग रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को फ्लोरिडा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की मेजबानी की और कहा कि समझौता 'पहले से कहीं ज्यादा करीब' है। यूक्रेनी राष्ट्रपति अगले हफ्ते यूरोपीय देशों के नेताओं से बातचीत करेंगे, जो उनके प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं।

**बमबारी में चार अपार्टमेंट की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली कंपनी डीटीईके ने कहा कि उसकी दो ऊर्जा सुविधाओं को भारी नुकसान हुआ है।**

इस बीच, जारी हमलों से तनाव और बढ़ गया है।

ओडेसा पर रात में हुए हमले को लेकर क्षेत्रीय प्रमुख कीपर ने कहा कि यह दुश्मन की आतंकवादी रणनीति का एक और सबूत है, जिसमें जानबूझकर नागरिक ढांचे को निशाना बनाया जाता है। मॉस्को ने दावा किया कि यूक्रेन ने रविवार देर रात उत्तर-पश्चिमी रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास पर 91 लंबी दूरी के ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। यूक्रेन ने इस आरोप को खारिज किया और कहा कि यह शांति वार्ता को पटरी से उतारने की चाल है। रूसी वायुसेना के मेजर जनरल अलेक्जेंडर रोमानेंकोव ने बुधवार को कहा कि ड्रोन यूक्रेन के सुमी और चेर्निहिव क्षेत्रों से उड़ान भरकर आए थे। एक ब्रीफिंग में उन्होंने एक नक्शा दिखाया जिसमें ड्रोन के उड़ान मार्ग दर्शाए गए थे। उन्होंने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने इन्हें ब्रांस्क, तवेर, स्मोलेंस्क और नोवगोरोद क्षेत्रों के ऊपर मार गिराया। इन रिपोर्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है।

यूक्रेन की वायुसेना ने बुधवार को कहा कि रूस ने रात में देश पर 127 ड्रोन दागे, जिनमें से 101 को वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने काला सागर और कब्जा वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर 86 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए।

# वॉरेन बफेट रिटायर: 60 साल बाद एक युग का अंत, निवेश के दम पर खड़ा किया साम्राज्य; अब ग्रेग एबल के जिम्मे तिजोरी



**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे सफल एवं ताकतवर निवेशकों में शुमार और मार्केट गुरु वॉरेफ बफेट ने 60 साल बाद अपनी कंपनी बर्कशायर हैथवे के सीईओ पद से हटने की घोषणा कर चौंका दिया। बुधवार बतौर बर्कशायर हैथवे सीईओ उनका आखिर दिन था। ओरेकल ऑफ ओमाहा के नाम से विख्यात 95 वर्षीय बफेट के रिटायर होने के साथ ही अमेरिकी पूंजीवाद को खड़ा करने वाले एक ऐतिहासिक युग का अंत हो गया।

दिलचस्प बात यह है कि अमीरों की सूची में लंबे समय तक शीर्ष में बने रहने वाले बफेट ने कोई भी बड़ा उद्योग खड़ा नहीं किया, बल्कि अपनी परख के दम पर सिर्फ कंपनियों में निवेश कर दुनिया में बड़ा मुकाम हासिल किया। आज बर्कशायर हैथवे के पास सैकड़ों कंपनियां हैं। इनमें इंश्योरेंस कंपनी गीको, बैटरी बनाने वाली कंपनी ड्यूरासेल और रेस्टोरेंट चेन डेयरी क्वीन शामिल हैं। बफेट ने पहली बार मई, 2025 में बर्कशायर की सालाना बैठक में रिटायरमेंट योजना का खुलासा किया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि अब उनकी याददाश्त धोखा दे जाती है और ऊर्जा भी पहले जैसी नहीं रही। अब कंपनी मेरे बिना भी दौड़ने को तैयार है।

### वॉरेन बफेट के प्रसिद्ध निवेश मंत्र

**कभी पैसा न खोएं :** इसका अर्थ है जोखिम प्रबंधन। निवेश करने से पहले यह देखें कि नीचे गिरने की आशंका कितनी है। अगर मूलधन सुरक्षित है, तो मुनाफा अपने आप आएगा।

**सर्कल ऑफ कॉम्पिटेंस में रहें :** बफेट कहते हैं कि आपको हर चीज का विशेषज्ञ होने की जरूरत नहीं है। बस यह पता होना चाहिए कि आप क्या जानते हैं और क्या नहीं। उन्हीं व्यवसायों में निवेश करें, जिन्हें आप समझते हैं।

**लंबी अवधि के लिए निवेश करें :** बफेट मानते हैं कि अगर आप किसी स्टॉक को 10 साल तक रखने को तैयार नहीं हैं, तो उसे 10 मिनट के लिए भी न खरीदें। कंपाउंडिंग की ताकत पर भरोसा करें। धन धीरे-धीरे बढ़ता है, रातों-रात नहीं।

**वैल्यू और प्राइस का अंतर समझें :** वैल्यू इन्वेस्टिंग के जनक के मुताबिक, प्राइस वह राशि है, जो आप चुकाते हैं। वैल्यू वह गुणवत्ता या फायदा है, जो आपको मिलता है।

### अब ग्रेग संभालेंगे 36 लाख करोड़ की तिजोरी

ग्रेग एबल नए साल की शुरूआत यानी गुरुवार से बर्कशायर हैथवे के विशाल साम्राज्य को संभालेंगे। 62 साल के एबल पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और पिछले कई दशकों से बर्कशायर के बैकस्टेज हीरो रहे हैं। बफेट उन्हें अपनी ऊर्जा मशीन कहते हैं। 1.09 लाख करोड़ डॉलर के नेटवर्थ वाली कंपनी बर्कशायर के तिजोरी में इस वक्त करीब 400 अरब डॉलर (करीब 35.9 लाख करोड़ रुपये) की भारी-भरकम नकदी पड़ी है। मुसीबत यह है कि जब तक ब्याज दरें ज्यादा थीं, यह पैसा खुद बढ़ रहा था। अब दरें गिर रही हैं। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि क्या एबल में भी बफेट जैसी पारखी नजर है, जो संकट को अवसर में बदल देती थी।




# समरकूल पर धूम-धाम से मनाया गया समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता का जन्मदिन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता का जन्मदिन उनके प्रतिष्ठान समरकूल पर धूमधाम से मनाया गया। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर जहां बधाई और शुभकामनायें देने वालों को आभार व्यक्त किया और वहीं उन्होंने सभी को नववर्ष की बधाई दी। समरकूल कम्पनी के मुख्य प्रतिष्ठान पर आयोजित समारोह में राजनीति, व्यापार मंडल, पत्रकारिता, समाजसेवा के क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनकी लम्बी आयु, उनके उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की। नववर्ष और जन्मदिन की बधाई का संयुक्त जश्न समरकूल कंपनी में दिखाई दिया।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैप्पी न्यू ईयर वाले टूर से जुड़ा है नदिया पार वाले किस पार्षद का तकाजा? सुना है चौधरी साहब से लिया था उन्होंने कार्यकारिणी चुनाव से पहले ही इस बात का वादा? अगर तुम बन गये उपाध्यक्ष तो लेकर चलोगे हमें कहीं बाहर घुमाने? कहने वाले ने कहा कि जब मैम्बरों ने दिलाया याद वादा और किया तकाजा? तब बनी टूर की प्लानिंग और यादें हो गईं वादे को लेकर ताजा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले भाटी जब लेकर पहुंचे मंत्री जी के दफ्तर पर नए साल की मूंगफली? तब क्यों कहा कहने वाले ने कि आप लिखकर रख लो अगले साल तब बदल जायेगी लोकेशन ऑफ मूंगफली? कहने वाले ने कहा कि 26 की मूंगफली खिला रहे हैं यहां और 27 की पिनट्स का जलवा दिखेगा वहां? क्या कहने वाले ने कर दिया इशारा उस पार के किसी विधायक की ओर? क्या समझने वाले समझ गये या खुलकर बतायें और?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नए साल पर संकल्प का दिखाई दिया किस वार्ड में ये तराना? सुना है पूर्व मंडल प्रधान ने फिर दोहराया इस बात का फसाना? कहा वार्ड 20 से मैं ही लडूंगा चुनाव और ये वार्ड है मेरी कर्मभूमि? कहने वाले ने कहा कि अगर यही रहेगा तराना तो फिर भगवा पहलवान गायेंगे कौन सा गाना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैम्बर हसबैंड हो रहे हैं इन दिनों फार्म 6 के अभियान को लेकर पूरी तरह से रेड्डी? लेकिन सुना है कि वो गार्डन वाले पहलवान को लेकर कुछ दिखाई देते हैं अपसेट? हैवीवेट वालों के दफ्तर पर क्यों खुली उनकी जुबान? उन्होंने कहा फार्म 6 के कैम्प मैं लगवा रहा हूं? मगर मुझे ऐसा लगता है कि मुझसे कुछ ज्वैलस फील कर रहे हैं गार्डन वाले पहलवान? क्या वाकई में ही हो रहा है ऐसा या फिर रेड्डी जी को हो रहा है कोई गुमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब गुजरा पूरा साल तो वो मिले आफ्टर आधा साल? सीन था कमाल वो दे रहे थे फूल लेकर बधाई? हाउस टैक्स को लेकर लखनऊ जाने वाले गोयल और शर्मा ने दी मैडम के आवास पर जाकर उन्हें नए साल की बधाई? कहने वाले ने कहा कि आधे साल बाद हो रही है नए साल पर ये मुलाकात? दोनों पार्षद रहे खामोश और उन्होंने यहां केवल बधाई दी और नहीं रखी निगम की कोई बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब निगम के डिप्टी मुखिया गये थे मुखिया को कहने हैप्पी न्यू ईयर? सुना है यहां पर मैडम ने डाल दिया टूर को लेकर सवाल वाला गियर? क्या पूछ लिया कि मेरी खिलाफत में है ये टूर या कोई और बात है? सुना है चौधरी साहब ने भी कर दिया मामले को बिल्कुल खामोश? कह दिया हमारे टूर का नहीं है निगम से कोई मतलब और ना ही है किसी की खिलाफत? इसमें नहीं है कोई पोलिटिक्स और ये तो सिर्फ आपस में है एक सामान्य सा कार्यक्रम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब मैडम ने किया चौधरी साहब से टूर को लेकर सवाल? तब वहां मौजूद फ्लावर वाले ने अपनी निगाहों से किन दो चेहरों को लिया खंगाल? सुना है वहां सचेतक भी मौजूद थे और एक दूसरे नेता जी भी दे रहे थे दिखाई? यहां किस पार्षद ने बाहर निकल कर ये बात किसी तीसरे पार्षद को बताई? क्या उसने लिए दो नाम और कहा कि मैडम के कान में इन्हीं में से किसी ने है ये बात बताई? क्या वास्तव में इन दो में किसी एक ने कोई आग है लगाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी भी जा रहे हैं दुगड्डा वाले मंदिर में माथा टेकने? उनसे तो जनप्रतिनिधि ने पूछ भी लिया है फोन करके अगर हो कोई काम? कहने वाले ने कहा विधायक जी वहां विकास की नहीं मांगेंगे कोई दुआ? वो तो अब चाहेंगे कि अगली पारी खेलें और मंच वाली बात पर कहेंगे जो हुआ सो हुआ? क्या यहां वो करेंगे किसी के लिए कोई दुआ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यहां तो भाईसाहब हमारे यहां चल रही है फूल वाली नगरी में अलग ही हवा? उन्होंने बताया कि यहां चेहरों के हिसाब से बंट चुकी है अपनी अपनी भाजपा? आप अगर लोकसभा वाले खेमे में पूछोगे तो उनके चश्में से दिखेगी अलग भाजपा? आप अगर लाईन पार में पूछोगे तो इनर्वटर वालों से लेकर मंदिर वालों तक होगी अलग भाजपा? नदिया पार में भी है अलग भाजपा? कहने वाले ने कहा कि कितना भी लगा ले कोई जोर? लेकिन ये चेहरे करेंगे अपने अपने नाम को लेकर ही शोर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम वाले टूर में तीन पार्षद बनायेंगे पूरी तरह से डिस्टेंस? वो चाहते हैं कि बना रहे उनके नाम पर इधर वाली सीट से लेकर उस वाली सीट तक सस्पेंस? वो नहीं चाहते कि मंदिर में माथा टेकें और आ जाये रिश्तों में खटास? सुना है वो कराना चाहते हैं अभी अपने मौहल्ले का विकास? उन्हें लग रहा है कि अगर हम चले गये टूर पर तो हमारे कई प्रस्ताव आ जायेंगे दूर पर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# शी-बॉक्स पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य नहीं बनाने पर होगी कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत जिले की सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी संस्थाओं, कंपनियों, फर्मों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आंतरिक समिति का गठन एवं उसका पंजीकरण शी-बॉक्स पोर्टल पर अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि सभी निजी/प्राइवेट कंपनियों व संस्थानों को अपने मुख्यालय का पंजीकरण https://shebox.wcd.gov.in पोर्टल पर स्वयं करना होगा तथा गठित आंतरिक समिति के पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों का पूरा विवरण पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी कार्यालय या प्रतिष्ठान द्वारा अधिनियम के तहत आंतरिक समिति का गठन नहीं किया गया




अथवा शी-बॉक्स पोर्टल पर विवरण अपडेट नहीं किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है शी-बॉक्स पोर्टल?

शी-बॉक्स केंद्र सरकार का एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।

### शी-बॉक्स का उद्देश्य–

- कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना।
- निजी व सरकारी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन की निगरानी।
- शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना।

### शी-बॉक्स पर क्या अनिवार्य है?

- हर कार्यालय/कंपनी में आंतरिक समिति का गठन।
- समिति के अध्यक्ष व सदस्यों का विवरण पोर्टल पर अपलोड।
- मुख्यालय का पोर्टल पर पंजीकरण।

### लाभ–

- महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में आसानी।
- प्रशासनिक निगरानी मजबूत।
- कानून का प्रभावी क्रियान्वयन।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ सपनों का घर

## ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों को मिले आवंटन व कब्जा पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस भवनों के आवंटन व कब्जा प्रक्रिया को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि प्राधिकरण की 5 योजनाओं– मधुबन बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर (राजनगर एक्सटेंशन) और निवाड़ी (मोदीनगर) में कुल 3496 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष 2239 भवनों का आवंटन किया जा चुका है, जिनमें से 2002 लाभार्थियों को आवंटन पत्र जारी किए गए हैं।

निजी विकासकर्ताओं की 11 योजनाओं में निर्मित 6481 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष 2754 भवनों का आवंटन करते हुए 2295 आवंटन पत्र निर्गत किए जा चुके हैं। निजी विकासकर्ता एटीएस ग्रैंड रियलटर्स की ग्राम सुल्तानपुर सिकरोड़ योजना में 789 में से 786 भवन आवंटित कर लगभग 770 लाभार्थियों को आवंटन पत्र जारी किए गए हैं, जिन्हें पट्टा विलेख/कब्जा हेतु सूचित किया जा रहा है।




मधुबन बापूधाम योजना में 856 भवनों का निर्माण व अवस्थापना कार्य पूर्ण है। यहां 836 आवंटन पत्र जारी हो चुके हैं तथा 548 लाभार्थियों द्वारा सभी किस्तें जमा कराई जा चुकी हैं। सचिव महोदय ने रसीदों के सत्यापन/लेखा जांच के उपरांत आगामी सप्ताह में पट्टा विलेख/कब्जा की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। बैठक में दस्तावेजी प्रक्रिया को सरल बनाने, समन्वय बढ़ाने और फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत करने पर जोर दिया गया, ताकि सबके लिए आवास का लक्ष्य प्रभावी ढंग से साकार हो सके।

# मधुबन-बापूधाम में कृषकों को विकसित भूखंड के आवंटन पत्र देने हेतु 6 जनवरी को विशेष शिविर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक ओर जहां हरनंदीपुरम आवासीय योजना के अंतर्गत आठ राजस्व ग्रामों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में जुटा है, वहीं दूसरी ओर मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में कास्तकारों से किए गए वायदे को भी पूरी तरह निभा रहा है। वर्ष 2004 में मधुबन-बापूधाम योजना के तहत जीडीए द्वारा कास्तकारों से आठ सौ एकड़ भूमि क्रय की गई थी।

इस दौरान प्राधिकरण ने यह आश्वासन दिया था कि कास्तकारों को 6/4 प्रतिशत विकसित भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे।

उक्त वायदे के अनुरूप 27 एवं 28 नवंबर 2025 को हिन्दी भवन में कृषकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 762 विकसित भूखंडों का आवंटन किया गया। लॉटरी सम्पन्न होने के बाद कृषकों से जुड़ी सभी आपत्तियों व समस्याओं का समाधान कर लिया गया।

अब प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूखंडों के



विशेष नंबर दर्शाते हुए आवंटन पत्र वितरण हेतु 6 जनवरी 2026 को मधुबन-बापूधाम स्थित जीडीए कार्यालय परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में लाभान्वित कृषकों को उनके आवंटन पत्र प्रदान किए जाएंगे।

नंदकिशोर कलाल, उपाध्यक्ष, जीडीए ने योजना से लाभान्वित सभी कृषकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर अपना आवंटन पत्र प्राप्त करें। आवंटन पत्र प्राप्त करने के लिए कृषकों को भूखंड आरक्षण पत्र की फोटो प्रति तथा पहचान पत्र की फोटो प्रति शिविर में उपस्थित अधिकारियों को प्रस्तुत करनी होगी।

प्राधिकरण का कहना है कि यह कदम कास्तकारों के प्रति किए गए वादों की पूर्ति और पारदर्शी व्यवस्था का प्रमाण है।

# नए साल पर पूजा-पाठ और जश्न का माहौल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में नए साल के अवसर पर लोगों ने अपने-अपने परिवार के साथ क्षेत्र के मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। भगवान कि भक्ति में लीन भक्तों ने नए साल पर भगवान से सुख-समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। साल के पहले दिन शहर में चारों तरफ भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें गलनी शुरू हो गयी। नए साल पर गुरुवार को साहिबाबाद क्षेत्र के प्रसिद्ध मोहन नगर मंदिर में खासी भीड़ रही। शिप्रा सन सिटी मंदिर, प्राचीन संकट मोचन



श्रीहनुमान मंदिर, शिव शक्ति खाटू श्याम मंदिर मनोकामना गोविंदपुरम, और गुरूद्वारों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

सोसाइटी में जश्न हुआ क्षेत्र कि विभिन्न सोसाइटीयों में नए साल को लेकर खास कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मोहन नगर स्थित जनसंपर्क शिप्रा सनसिटी एट ए सोसायटी गुलमोहर ग्रीन,



सेवियर पार्क सोसाइटी और शालीमार सोसाइटी में डीजे नाइट, छोटे व बढ़े बच्चों के लिए अगल-अलग खेलों का आयोजन किया गया। मॉल, होटल और रेस्तरां में भी भीड़ नए साल के मौके पर मॉल, होटल और रेस्तरां में भी भारी भीड़ देखने को मिली। परिवारों और युवाओं ने खरीदारी, भोजन और मनोरंजन के साथ नए वर्ष का जश्न मनाया। प्रमुख मॉल देर रात तक खुले रहे, जहां रौनक बनी रही।

पार्कों में जाकर पिकनिक मनाई नए साल के पहले दिन लोगों ने पार्कों में जाकर पिकनिक का आनंद लिया। परिवार और दोस्तों के साथ सुबह से ही लोग हरियाली के बीच समय बिताते नजर आए। इंदिरा प्रियदर्शिनी पार्क में बच्चों ने झूलों और खेलों का खूब आनंद उठाया, जबकि युवाओं ने बोटिंग का आनंद उठाया।